mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-175 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
25 जून 2024 मंगलवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



पहलवान बजरंग...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### म.प्र.में पहली बार अफ्रीकन जेब्रा जन्मा

● इंदौर चिड़ियाघर में संया बढ़कर 3 हुई



**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर चिड़ियाघर में रविवार रात 10.30 बजे अफ्रीकन जेब्रा ने जन्म लिया। चिड़ियाघर मैनेजमेंट ने कहा कि म.प्र.में पहली बार किसी अफ्रीकन जेब्रा ने जन्म लिया है। पूरे प्रदेश में जेब्रा सिर्फ इंदौर जू में हैं, जिनकी संख्या बढ़कर अब 3 हो गई है। एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जामनगर से 5 महीने पहले जेब्रा का जोड़ा लाया गया था। इंदौर जू को यह जोड़ा तीन राज्यों में 3 साल तक कोशिश करने के बाद मिला था।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

● टी-20 में पहली बार शुभमन गिल को कप्तानी

**मुंबई (एजेंसी)।** अगले महीने होने जा रहे जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई ने सोमवार को 15 सदस्सीय टीम घोषित की। यह टीम 6 जुलाई से 14 जुलाई तक हरारे स्पोर्ट्स क्लब में



5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी। टी-20 वर्ल्ड कप में ट्रैवलिंग रिजर्व रहे शुभमन गिल को भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया था, हालांकि बोर्ड ने उपकप्तान के नाम का ऐलान नहीं किया है। शुभमन गिल भारत के ओवरऑल 46वें कप्तान बने हैं। वहीं, टी-20 फॉर्मेट में भारतीय टीम के 14वें कैप्टन हैं।

**योगी सरकार का बड़ा फैसला**

### प्रदेश में होगी 42 हजार होम गार्ड की भर्ती

**लखनऊ (एजेंसी)।** सरकार की ओर से प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते



हुए 42000 होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती के आदेश दिए हैं। उन्होंने जल्द हजारों होमगार्ड्स के सेवानिवृत्त होने के दृष्टिगत जल्द भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने को कहा। साथ ही, होमगार्ड्स को आपदा मित्र के रूप में तैनात करने के लिए नियमावली बनाने का निर्देश भी दिया।

## नीट पेपर लीक मामले में अब तक 25 गिरफ्तारियां

**ममता ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी, कहा- सेंट्रलाइज्ड एग्जाम खत्म होना चाहिए**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** नीट परीक्षा के पेपर लीक की जांच में अब तक देश के अलग-अलग राज्यों से 25 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बिहार से 13, झारखंड से 5, गुजरात के गोधरा से 5 और महाराष्ट्र के लातूर से 2 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। वहीं नीट मामले पर अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने पीएम से कहा है कि सेंट्रलाइज्ड परीक्षा का सिस्टम खत्म हो और पहले की तरह डीसेंट्रलाइज्ड हो। यानी राज्य और केंद्र अलग-अलग परीक्षाएं आयोजित करें।

नांदेड़ एटीएस ने लातूर के 2 टीचर संजय तुकाराम जाधव और जलील खान उमर खान पठान, नांदेड़ के इरन्ना मशनाजी कोंगलवाव और दिल्ली के गंगाधर के खिलाफ पब्लिक एग्जाम एक्ट 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जाधव और पठान को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य दो आरोपी फरार हैं।



**सीबीआई की टीम सोमवार को बिहार और गुजरात पहुंची थी**

मामले की जांच केंद्र सरकार ने सीबीआई को सौंपी है। सीबीआई की टीमें 24 जून को बिहार और गुजरात पहुंची है। बिहार ईओयू ने अपनी जांच रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है।

**एनएसयूआई ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया**

नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर एनएसयूआई के सदस्यों ने दोपहर 1 बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकरियों ने संसद घेरने के प्रयास में पुलिस बैरिकेड तोड़ने की भी कोशिश की। प्रदर्शन में परीक्षा रद्द करने और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की गई। सुरक्षाबलों ने बैरिकेड कूदने वाले प्रदर्शनकारियों को



उफनती नदी और जोखिम में जान...

## भारतीय सेना के जज्बे को सलाम; महज 48 घंटे में तैयार किया ब्रिज

**गंगटोक (एजेंसी)।** भारतीय सेना के इंजीनियरों ने उत्तरी सिक्किम में सीमावर्ती गांवों को फिर से जोड़ने के लिए 150 फुट लंबा एक सस्पेंशन पुल बनाया है। राज्य में लगातार भारी बारिश हो रही है जिसके कारण आम लोगों को परशानी का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि, भारी से भारी मुश्किलें के बीच भी भारतीय सेना मदद के लिए हमेशा आगे रहती है। ऐसा ही कुछ सिक्किम में देखने को मिली। बता दें कि त्रिशक्ति कोर के कार्मिकों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम किया और 48 घंटे से भी कम समय में इस पुल को तैयार किया। नीचे तेज बहाव में बहता बारिश का पानी और ऊपर अपनी जान को जोखिम में डालकर सेना के जवानों ने इस पैदल यात्री पुल का निर्माण कर अपनी शक्ति का बेहतरीन प्रदर्शन पेश किया है।

**पुल से मिलेगी लोगों को बड़ी राहत**

सेना के अधिकारियों के अनुसार, यह पुल अब लोगों की आवाजाही में सुविधा प्रदान करेगा और क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराएगा। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान सिक्किम समेत पूर्वोत्तर राज्यों के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की। नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण मानसून के दौरान कई पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बाढ़ आती है। सिक्किम, उत्तराखंड और कुछ अन्य राज्य भी मानसून के दौरान भूस्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

**संसद सत्र की शुरुआत**

**पीएम शपथ लेने पहुंचे तो राहुल ने संविधान की कॉपी दिखाई, फिर नमस्ते किया..**

## पीएम मोदी व अन्य सांसदों ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली

**शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शपथ लेने पहुंचे तो विपक्ष बोला- नीट...नीट, शेम-शेम**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार से 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद उनकी कैबिनेट के लोकसभा सांसदों ने शपथ ली। सदन को 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। लंच के बाद सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई। संसद में इस बार विपक्ष मजबूत है और अपनी मजबूती को उसने मोदी सरकार पर आज हंगामेदार सत्र की शुरुआत से जता दिया है। पीएम शपथ लेने पहुंचे तो राहुल गांधी ने संविधान की कॉपी दिखाई, फिर नमस्ते किया।




शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम जब शपथ के लिए बुलाया गया तो विपक्ष ने नीट..नीट, शेम-शेम बोलना शुरू कर दिया। विपक्ष नीट पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है।

सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे।

**संसद सत्र से पहले मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया,बोले-**

### 50 साल पहले संविधान को नकार दिया गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। दरअसल, आज यानी 25 जून को देश में आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। पीएम ने कहा- 25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी।

● **भाजपा ने जेपी नड्डा को बनाया राज्यसभा में सदन का नेता, पीयूष गोयल की जगह लेंगे-** भाजपा ने जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता बनाने का फैसला किया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सदन में यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे, लेकिन उत्तर मुंबई लोकसभा सीट से सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अब जेपी नड्डा को ये दायित्व सौंपा गया है।

## एक ही मोटरसाइकिल पर पांच लोग, डंपर की चपेट में आने से सभी की मौत



**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गंगानगर के सराय ममरेज थाना क्षेत्र में सोरू पेट्रोल पंप के पास डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पांच लोगों की मौत हो गई। थाने के उपनिरीक्षक सौमित्र ने बताया कि सोमवार पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे सोरू पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाओं और दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

## सरोगेसी से मां बनने वाली महिला कर्मचारी भी ले सकेंगी मैटरनिटी लीव, केंद्र ने बदले नियम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने शासकीय महिला कर्मचारियों को सरोगेसी से मां बनने पर भी मैटरनिटी लीव देने का फैसला किया है। इसके लिए सरकार ने 50 साल पुराने नियम में बदलाव करते हुए, ऐसी स्थिति में 180 दिनों का मातृत्व अवकाश देने की अनुमति दी है।



साथ ही पिता भी 15 दिन का पितृत्व अवकाश ले सकेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) में संशोधित नियमों की अधिसूचना जारी करते हुए इसकी जानकारी दी। जारी अधिसूचना में बताया गया कि सरोगेसी के मामले में, सरोगेट मां, साथ ही दो से कम जीवित बच्चों वाली कमीशनिंग मां को 180 दिनों का मातृत्व अवकाश दिया जा सकता है, यदि दोनों में से कोई एक या दोनों सरकारी कर्मचारी हैं।

**बच्चे की देखभाल के लिए मिलेगा अवकाश**

केंद्रीय सिविल सेवा (अवकाश) (संशोधन) नियम, 2024 के अनुसार, सरोगेसी के मामले में, दो से कम जीवित बच्चों वाली कमीशनिंग मां को बाल देखभाल अवकाश दिया जा सकता है। कार्मिक मंत्रालय ने संशोधित नियमों में स्पष्ट किया है कि सरोगेट मां का अर्थ वह महिला है, जो कमीशनिंग मां की ओर से बच्चे को जन्म देती है और इसी तरह कमीशनिंग पिता का अर्थ सरोगेसी के माध्यम से पैदा हुए बच्चे के इच्छुक पिता से है।

● **अब तक नहीं था इससे जुड़ा कोई नियम** - गौरतलब है कि अब तक सरोगेसी के जरिए बच्चे के जन्म की स्थिति में महिला सरकारी कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश देने का कोई नियम नहीं था। नए नियमों के अनुसार, सरोगेसी के माध्यम से पैदा हुए बच्चे के मामले में, कमीशनिंग पिता, जो एक पुरुष सरकारी कर्मचारी है और उसके दो से कम जीवित बच्चे हैं, उसे बच्चे की डिलीवरी की तारीख से 6 महीने की अवधि के भीतर 15 दिनों का पितृत्व अवकाश दिया जा सकता है।



## संसद सत्र के पहले दिन पीएम मोदी पर राहुल-खड़गे का हमला, कहा- संविधान पर आक्रमण मंजूर नहीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन पर कांग्रेस पर निशाना साधा। वहीं कांग्रेस की तरफ से पीएम मोदी पर पलटवार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। वहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संविधान को बचाने के लिए हमने जो कोशिश की थी उसमें जनता हमारे साथ है। लेकिन मोदी जी ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की। जबकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि पीएम के पास बोलने के लिए कुछ भी नया नहीं था और हमेशा की तरह उन्होंने अपने संबोधन मुद्दों को भटकाने का प्रयास किया है।



## अयोध्या राम मंदिर पहली बारिश में टपकने लगा

**मुय पुजारी बोले- जहां रामलला, वहां पानी भरा; इंतजाम नहीं हुए तो दर्शन बंद होंगे**

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या का राम मंदिर पहली ही बारिश में टपकने लगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा- गर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर गया। अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुए, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया- शनिवार रात 2 से 5 बजे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह के सामने मंडप में 4 इंच तक पानी भर गया। मंदिर के अंदर लोगों को डर था कि कहीं बिजली का करंट न उतर आए। इसलिए सुबह 4 बजे होने वाली आरती टार्च की रोशनी में करनी पड़ी। सुबह 6 बजे की आरती भी ऐसे ही हुई।

● **छोटे मंदिरों में भी भरा पानी-** आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा- गर्भगृह के अलावा भी जो छोटे मंदिर बने हैं, वहां भी पानी भर गया है। इस पर ध्यान देना चाहिए कि जो बना है, उसमें क्या कमी रह गई? एक तो राम मंदिर से बारिश का पानी निकलने की जगह नहीं है। ऊपर से पानी भी चूने लगा, इससे अव्यवस्था हुई।

● **अयोध्या में 67 एमएम बारिश हुई** - अयोध्या में शनिवार-रविवार की रात 67 एमएम बारिश हुई, जिससे पूरे शहर में जगह-जगह पानी भर गया। सड़कें धंस गईं। 6 महीने पहले बने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की करीब 20 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल भी ढह गई।

● **पहली मंजिल के निर्माण के चलते अंदर आया पानी-** जलनिकासी ठीक नहीं होने के चलते यह दिक्कत हो रही हैं। पुजारी के मुताबिक, इसको जितनी जल्दी ठीक करवा लिया जाए, उतना अच्छा है। पानी को रात 10 बजे तक सुखाया जा सका। ये पानी क्यों भरा? इसके जवाब में उन्होंने बताया- पहली मंजिल पर निर्माण जारी है। वहां रॉड लगाने के लिए होल (छेद) छूटे हुए हैं। वहीं से मंदिर के अंदर पानी आया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय वर्ग के युवाओं को शिक्षा प्रवृत करने की ओर बढ़ते कदम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुर्नवास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की पहल पर जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास मदों में जनजातीय विद्यार्थियों के कल्याण एवं जनजातीय बस्तियों के समग्र विकास के लिये उल्लेखनीय कदम उठाये गये हैं। जनजातीय कार्य विभाग के अधीन संचालित विभिन्न प्रकार की छात्रवृति योजनाओं के तहत वित्त वर्ष 2023-24 में 2 लाख 59 हजार जनजातीय विद्यार्थियों को 494 करोड़ रूपये की छात्रवृति राशि वितरित की गई है। छात्रवृति की यह राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक बचत खाते में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये हस्तांरित की गई। आवास भत्ता योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा एक लाख 25 हजार जनजातीय विद्यार्थियों को 156 करोड़ रूपये की आवास भत्ता राशि डीबीटी के जरिये वितरित की गई। विदेश अध्ययन छात्रवृति योजना के तहत विभाग द्वारा वित्त वर्ष 2023-24 में 10 होनहार विद्यार्थियों को 2 करोड़ 90 लाख रूपये की विदेश में उच्च शिक्षा अध्ययन के लिये पात्रतानुसार छात्रवृति राशि वितरित की गई। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति बस्ती विकास योजना के तहत वित्त वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा कुल 691 अधोसंरचना निर्माण कार्य मंजूर किये गये। इन सभी कार्यों के लिये जनजातीय बाहुल्य विभिन्न जिलों को उनकी मांग के अनुरूप 48 करोड़ 42 लाख रूपये की निर्माण व विकास राशि प्रदान की गई।

### सीमंधर जिनालय में बहेगी भक्ति रस की गंगा, उमड़ेगा भक्तों का सैलाब

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** श्री सीमंधर जिनालय भोपाल का 26वां वार्षिकोत्सव भोपाल मदनलाल जैनमति बाई जैन धर्मशाला चौक में धूमधाम से मनाया जाएगा। सात दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 30 जून से होगा। जिसमें सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं आध्यात्मिक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रवक्ता अरूण वर्धमान ने बताया कि 30 जून से सात जुलाई तक चलने वाले आयोजन में प्रतिदिन सुबह छह बजे से शांति जाप, भगवान जिनेंद्र का अभिषेक होगा। समापन समारोह सात जुलाई को होगा। इसमें शांति यज्ञ, शास्त्र प्रवचन होंगे। इसके साथ ही श्री जिनवाणी मां की शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल से प्रारंभ होकर सीमंधर जिनालय पर ध्वजारोहण के साथ समाप्त होगी। कार्यक्रम में ध्वजारोहणकर्ता संदीप कुमार विमलकुमार भारिल्ल परिवार रहेगा। विधानमंडप उद्घाटनकर्ता महेंद्र कुमार, किरण चौधरी रहेंगे।

### बोर्ड परीक्षा में 40 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों के शिक्षकों को दिए जाएंगे टिप्स

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मप्र बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 40 प्रतिशत से कम परिणाम लाने वाले स्कूलों के प्राचार्यों व शिक्षकों को टिप्स दिए जाएंगे। इसके लिए सोमवार को और शिक्षकों पर कार्रवाई का निर्णय भी लिया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक होगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाली बैठक में सभी संभागों के संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, एडीपीसी तथा नोडल प्राचार्य मौजूद रहेंगे। खराब रिजल्ट देने वाले स्कूलों में रिजल्ट सुधारने के लिए शिक्षकों के आदान-प्रदान का तरीका अपनाया जा सकता है। इसमें अच्छे परिणाम वाले स्कूलों के टिप्स दिए जाएंगे। इसके अलावा छात्रवृत्ति में जिन विद्यार्थियों के बैंक खातों की जानकारी गलत होने के कारण भुगतान नहीं हो पाया। उनके निदान के लिए भी चर्चा की जाएगी। स्कूलों में निश्शुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में लैपटाप वितरण और निश्शुल्क स्कूटी योजना पर भी चर्चा की जाएगी। नौ केद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई एमपीपीएससी की परीक्षाबैतूल। एमपीपीएससी की परीक्षा जिले के नौ परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। परीक्षा कक्ष में पहुंचने के पहले ही अभ्यर्थियों की कड़ी जांच की गई। जूते-मोजे, दुप्पट्टा बाहर रखने के बाद ही भीतर प्रवेश दिया गया। दो पालियों में आयोजित की गई परीक्षा में पहली पाली में कुल 3963 अभ्यर्थियों में से 2925 ही शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए पांच उड़न दस्ते बनाए गए थे।

### 60 वर्ष के कम उम्र के लोग भी मोतियाबिंद की चपेट में

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बुजुर्गों की आंखों में होने वाला मोतियाबिंद रोग अब युवाओं को भी चपेट में ले रहा है। यह एम्स भोपाल के अध्ययन में सामने आया है। एम्स के नेत्र विभाग द्वारा तीन वर्ष में दो हजार 621 लोगों की मोतियाबिंद की सर्जरी की गई। इनमें से 40 प्रतिशत मरीजों की आयु 60 वर्ष से कम थी, जिनमें 36 मरीजों की आयु तो 18 वर्ष से भी कम रही। युवाओं में इसके कारणों में मधुमेह, रक्त संचरण का गड़बड़ होना सामने आया है, वहीं किशोरों और बच्चों में इसके कारणों पर चिकित्सक अभी शोध कर रहे हैं।

# स्वयं, समाज तथा देश की प्रगति के लिए चिंतन आवश्यक-उपमुख्यमंत्री शुक्ल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने सोमवार को माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल में पं. रामेश्वरदास भार्गव स्मृति ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का भंडार हैं। ज्ञान अध्ययन और अनुभव से प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि स्वयं की प्रगति, समाज और देश की प्रगति के लिए चिंतन आवश्यक है। पुस्तकों के अध्ययन से सोच का विकास होता है। एक विषय को कई नज़रियों से देखने की समझ विकसित होती है। अगर हम किसी भी बड़ी हस्ती की जीवनी पर नज़र डालें, तो यह पता चलता है कि पुस्तकों का अध्ययन उनकी नियमित दिनचर्या में था। संग्रहालय में समय और मांग अनुसार सुविधाओं को किया गया है विकसित उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि माधवराव सप्रे संग्रहालय द्वारा नियमित रूप से समय और मांग के आधार पर सुविधाओं को विकसित




किया गया हैं। चालीस वर्ष पहले शुरू हुए संग्रहालय में आज 1 लाख 75 हज़ार से अधिक पुस्तकें हैं। संग्रहालय में डिजिटल लाइब्रेरी भी संचालित है। ई-लाइब्रेरी से छात्रों, शोधकर्ताओं को करोड़ों पुस्तकों, समाचार पत्रों और पांडुलिपियों और अन्य अध्ययन सामग्री से जोड़ा जा सकेगा। उन्होंने इन सतत् प्रयासों के लिए सप्रे संग्रहालय के संस्थापक-संयोजक श्री विजय दत्त श्रीधर और प्रशासन प्रबंधन से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने समाजसेवियों और विभिन्न संस्थानों द्वारा समय-समय पर संग्रहालय को प्रदान किए गये सहयोग की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है।

लेखनी में बड़ी ताक़त होती है, साथ ही यह एक सामाजिक दायित्व भी है। अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए शासन, प्रशासन और पत्रकारिता का सामंजस्य अहम है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दैनिक भास्कर के राज्य संपादक श्री सतीश कुमार सिंह को माधवराव सप्रे राष्ट्रीय पत्रकारिता पुरस्कार से और बाल पुस्तकालय की रचनाकार कु. मुस्कान अहिरवार को महेश गुप्ता सृजन सम्मान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया जाना गौरवशाली परंपरा है। इससे सम्मानित व्यक्तियों का हौसला बढ़ता है, साथ ही दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। श्री सतीश सिंह ने सप्रे संग्रहालय से जुड़े अपने संस्मरण और संग्रहालय की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। कु. मुस्कान ने बाल पुस्तकालय के माध्यम से प्रेरणादायक पुस्तकों के अध्ययन को बच्चों के लिए रुचिकर बनाने के प्रयासों को साझा किया।

## प्रदेश के 40 प्रतिशत सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को नहीं मिल पाई नि.शुल्क किताबें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** प्रदेश के सरकारी स्कूल ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद बीते 18 जून से शुरू हुआ है। स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों को किताबों का वितरण होना था, लेकिन राजधानी समेत प्रदेश भर के करीब 40 प्रतिशत स्कूलों में अभी किताबों का वितरण नहीं हो पाया है, जबकि मप्र पाठ्य पुस्तक निगम 99 फीसद किताबें जिलों में ब्लाक स्तर तक पहुंचा चुका है। दरअसल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों को निश्शुल्क किताबें दी जाती है। इस बार नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत बीते एक अप्रैल से हुई है। सत्र की शुरुआत से ही बच्चों की पढ़ाई के लिए पाठ्यपुस्तक निगम ने जिला स्तर पर डिमांड के अनुसार किताबें भेज दी थी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में पहली से 12वीं तक के लिए पाठ्यपुस्तक निगम जिलों में ब्लाक स्तर पर 99 फीसद विद्यार्थियों के लिए सभी विषयों की किताबें भेज चुका है, लेकिन जिले के कुछ स्कूलों में ही किताबें पहुंची है। बता दें, कि पहली से 12वीं तक में मप्र पाठ्यपुस्तक निगम हर साल सात करोड़ किताबें छपाई कराता है।अब राज्य शिक्षा केंद्र किताबों के वितरण का कार्य आनलाइन निगरानी कर रहा है। स्कूलों में जिला स्तर पर किताबें पहुंचाने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) व जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी)की होती है। इनके नीचे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) स्कूलों में किताबें पहुंचाने की निगरानी करते हैं, लेकिन भोपाल जिले में अधिकारियों की लापरवाही के कारण कई स्कूलों में किताबें नहीं पहुंच पाई है। मोबाइल ट्रैकिंग एप से होती है निगरानी। ट्रैकिंग होने के बाद भी किताबों के वितरण कराने में अधिकारी लापरवाही कर रहे हैं।




## हृदय रोग पीड़ित बच्चों के उपचार के लिये अपोलो के साथ एमओयू




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के साथ अपोलो अस्पताल चेन्नई ने एमओयू (समझौता) साईन किया है। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अपोलो हॉस्पिटल चेन्नई श्री वी. नवीन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अपोलो अस्पताल चेन्नई द्वारा जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की उपचार प्रक्रिया को सशक्त करने के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर और प्रोटोकॉल की जानकारियाँ साझा की जायेंगी और क्षमता संवर्धन का कार्य किया जायेगा।

उपचार प्रक्रिया तथा मामलों के उचित प्रबंधन के लिए डॉक्टरों/नर्सों/पैरामेडिकल स्टाफ में क्षमता निर्माण और संवर्धन के कार्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) में शामिल हैं।

# मानसून सत्र में विधायक बताएंगे अपने क्षेत्र की पांच साल की कार्ययोजना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में आगामी पांच साल का रोडमैप रखेंगे। वे सदन में बताएंगे कि आगामी पांच साल में अपने विधानसभा क्षेत्र में क्या और कैसे विकास कार्य करेंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने सभी विधायकों से कहा है कि वे कलेक्टरों के साथ बैठकर योजनाओं की बारे में जानें और उनके आधार पर आगामी पांच साल की कार्ययोजना तैयार करें। विधानसभा सत्र में इसको लेकर चर्चा होगी और कार्ययोजना फाइनल की जाएगी। इस कार्य के लिए जो भी बजट लगेगा राज्य सरकार



देगी। वहीं इस कार्य में सभी 29 सांसदों को भी कहा गया है कि वे अपने संसदीय क्षेत्र का रोडमैप तैयार कर केंद्र सरकार से योजनाओं स्वीकृत कराकर विकास कार्य करें। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र वार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को प्राथमिकता में रखकर कार्ययोजना बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर जनप्रतिनिधि व्यक्तिगत रूप से ध्यान देकर कार्य करें। आदर्श विधान सभाएं बनाने के लिए जरूरी विकास कार्य और उपाएं सुनिश्चित किए जाएंगे। विधानसभा सत्र शुरू होने के पहले मुख्यमंत्री डा. यादव विधायकों के साथ बैठक कर विधानसभावार कार्यों की समीक्षा करेंगे। विधायकों से पूछा जाएगा कि वे अपने विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाने के लिए क्या कार्य करेंगे। वहीं इन कार्यों में जो भी बजट लगेगा वित्त विभाग के साथ मिलकर इसे भी स्वीकृत किया जाएगा। संभवत- यह बैठक प्रदेश भाजपा कार्यालय या मंत्रालय में वर्चुअली की जाएगी।

## 300 यात्री बुधवार को अमरनाथ यात्रा के लिए होंगे रवाना



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राजधानी से अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था बुधवार को भोपाल रेलवे स्टेशन से रवाना होगा। इसमें 300 यात्री जाएंगे। इसके बाद 27 को दूसरा जत्था रवाना होगा। सबसे बड़ा जत्था 10 जुलाई को रवाना होगा। जिसमें करीब 700 श्रद्धालु रवाना होंगे। पहले जत्थे में जाने वाले यात्रियों को शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर प्रशिक्षण दिया गया है। मंडल के नेतृत्व में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा में शामिल लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया है। साथ ही लोगों को ठहराने के वहां व्यवस्था भी की गई है। इससे लोगों को यात्रा के दौरान कोई दिक्कत न हो। जम्मू कश्मीर में इन दिनों हालात नरम व गरम बने हुए है। ऐसे में अमरनाथ यात्रियों की चिंता भी बढ़ती जा ही है,कि इस बार यात्रा कैसे होगी। अमरनाथ यात्रा के दौरान कोई विघ्न न आए। इसके लिए ओम शिव शक्ति सेवा मंडल की ओर से यात्रा की सलामती के लिए पांढुरना स्थिति प्रसिद्ध नागेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और हवन किया गया।

# बिजली कंपनी अब लोड बढ़वाने के लिए अभियान शुरू करेगी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बैरागढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में बार-बार बिजली गुल होना स्थाई समस्या बन गई है। लोग इसके लिए बिजली कंपनी के मेंटनेंस पर सवाल खड़े कर रहे हैं वहीं कंपनी के अधिकारियों का कहना है किलोग घरों में एसी, कूलर, गीजर और भारी खपत वाले इलेक्ट्रानिक उपकरण लगाने के बावजूद लोड नहीं बढ़वाते, इस कारण ट्रांसफारमर्स पर दबाव बढ़ जाता है जिससे बिजली बंद हो रही है। ग्रीष्मकाल में नागरिकों को बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से जूझना पड़ा। वर्षा शुरू होने के बाद बिजली की खपत कुछ कम हुई है लेकिन रह रह कर बिजली बंद होने का क्रम जारी है। कुछ इलाकों में ट्रांसफारमर में आग लगने की घटनाएं भी हो चुकी हैं। पिछले दिनों आधी रात को बिजली बंद होने से लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा। आक्रोश से आहत जनता ने देर रात को ही बिजली कंपनी के कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बाद में कंपनी ने बूढ़ाखेड़ा में अधिक क्षमता वाले



ट्रांसफारमर की स्थापना की। अब समस्या कुछ कम हुई है लेकिन सीआरपी, बैरागढ़ कला एवं आसपास के क्षेत्रों में अब भी बिजली गुल हो रही है। बिजली कंपनी अब नागरिकों को यह बता रही है कि लोड बढ़ाने से क्या लाभ है। कंपनी के प्रबंधक नवनीत श्रीवास्तव का कहना है कि कुछ कालोनियों में पिछले दो साल में बिजली की खपत दो गुना से अधिक हो गई है। लोग ईमानदारी से बढ़ी हुई खपत का बिल भी जमा कर रहे हैं लेकिन हमारे रिकार्ड में अब भी पुराना लोड ही दर्ज है, इस कारण ट्रांसफारमर्स की क्षमता बढ़ाने की स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। यदि लोग लोड बढ़वाएंगे तो इसी आधार पर हम कालोनी स्तर पर ट्रांसफारमर की क्षमता बढ़ाएंगे। श्रीवास्तव के अनुसार आनलाइन आवेदन देकर आसानी से लोड बढ़ावा जा सकता है। कामर्शियल कनेक्शन में स्वीकृत लोड से अधिक पाए जाने पर जुर्माने का भी प्रविधान है।

## वर्षा शुरू होने पर पौधारोपण के लिए आगे आने वाले संगठन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** वर्षा शुरू होते ही पौधारोपण के लिए सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठन आगे आने लगे हैं। एक तरफ गायत्री शक्ति पीठ परिवार ने हर दिन पौधे लगाने का संकल्प लिया है और लगाने भी शुरू कर दिए हैं तो दूसरी ओर ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्रों की ओर से पौधारोपण कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर के लालघाटी कुंजल वेलफेयर सोसाइटी और विश्व युवक केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण का आयोजन गोविंदपुरा के स्वर्ण जयंती पार्क में किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर मालती राय ने जामुन, बड़, नीम के पौधे रोपे। लोगों से अधिक से



अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया और उन्हें गोद लेकर कम से कम पांच साल सेवा करने का वचन लिया। उन्होंने नगर निगम भोपाल कि ओर से पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया और कहा कि पौधों की देखभाल समुदाय और स्वयंसेवकों के सहयोग के बिना असंभव है। इसके लिए समुदाय को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना होगा। बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स, समाजसेवी, पर्यावरण सेवकों ने सुबह सुबह स्वर्ण जयंती पार्क में एकत्रित होकर विभिन्न जगह पौधों को लगाया। पहले बारी-बारी से खोदे गए गड्ढों में पौधे लगाए और उनके की देखरेख की जिम्मेदारी तय की गई। इधर गायत्री परिवार भोपाल का वृक्ष गंगा एवं व्यसन मुक्ति अभियान के तहत मक्सी व रापड़िया गांव में आम,नीम, शीशम सहित अन्य प्रजातियों के छायादार के 51वृक्षों का रोपण का किया गया। साथ में मक्सी गांव में व्यशन मुक्ति रैली निकाल कर जनजागरण किया। बच्चों को बताया गया कि वृक्ष के माध्यम से ही हम आक्सीजन ग्रहण करते हैं। बरगद और पीपल के पेड़ सबसे ज्यादा आक्सीजन देते हैं, इसलिए हम इन वृक्षों की पूजा करते हैं।

# विचार

## 33000 पेड़ न काटे उ.प्र. सरकार

पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस रही है। हजारों लोग गर्मी की मार से बेहाल हो कर मर चुके हैं। दुनिया के हर कोने से एक ही आवाज उठ रही है, कि पेड़ बचाओ-पेड़ लगाओ। क्योंकि पेड़ ही गर्मी की मार से बचा सकते हैं। ये हवा में नमी को बढ़ाते हैं और मेघों को आकर्षित करते हैं, जिससे वर्षा होती है। आप 2 करोड़ की कार को जब पार्किंग में खड़ा करते हैं तो किसी पेड़ की छांव ढूंढते हैं क्योंकि बिना छांव के खड़ी आपकी कार 10 मिनट में भट्टी की तरह तपने लगती है। इस बार हज में जो एक हजार से ज्यादा लोग अब तक गर्मी से मरे हैं वे शायद न मरते अगर उन्हें पेड़ों की छाया नसीब हो जाती। चलो वहां तो रेगिस्तान है पर भारत तो सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलाम वाला देश है। जिसका वर्णन हमारे शास्त्रों, साहित्य और इतिहास में ही नहीं चित्रकारी और मूर्तिकला में भी परिलक्षित होता है। पर दुर्भाग्य देखिए कि आज भारत भूमि तेजी से वृक्षविहीन हो रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद भारत का हरित आवरण भूभाग का कुल 24.56 प्रतिशत ही है। ये सरकारी आंकड़े हैं, जमीनी हकीकत आप खुद जानते हैं। अगर हवाई जहाज से आप भारत के ऊपर उड़ें तो आपको सैंकड़ों मीलों तक धूल भरी आंधियां और सूखी जमीन नजर आती है। पर्यावरण की दृष्टि से कुल भू-भाग का 34 फीसदी अगर हरित आवरण हो तो हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है। भवन निर्माताओं की अंधी दौड़, बढ़ता शहरीकरण व औद्योगीकरण, आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं, जंगलों के कटान के लिए जिम्मेदार हैं। मानवशास्त्र विज्ञान ने ये सिद्ध किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा का सबसे बड़ा काम जनजातीय लोग करते हैं। वे कभी गीले पेड़ नहीं काटते, हमेशा सूखी लकड़ियां ही चुनते हैं। वे वृक्षों की पूजा करते हैं। पर जब खान माफिया या बड़ी परियोजना की गिद्ध दृष्टि वनों पर पड़ती है तो वन ही नहीं वन्य जीवन भी कुछ महीनों में नष्ट हो जाता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए बने कानून और अदालतें केवल कागजों पर दिखाई देते हैं। भारत का सनातन धर्म सदा से प्रकृति की पूजा करता आया है। इक्षचता की बात यह है कि आज सनातन धर्म के नाम पर ही पर्यावरण का विनाश हो रहा है। समाचार पत्रों से सूचना मिली है कि कांवड़ियों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक विशिष्ट मार्ग का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए 33 हजार वृक्षों को काटा जाएगा। इससे पर्यावरणवादियों को ही नहीं, आम जन को भी बहुत चिंता है। दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एन.जी.टी. ) को सूचित किया है कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में फैली 111 किलोमीटर लंबी कांवड़ मार्ग परियोजना के लिए 33 हजार से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों और लगभग 80 हजार पौधों को काटा जाएगा। गौरतलब है कि इस परियोजना में 10 बड़े पुल, 27 छोटे पुल और एक रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है और इस परियोजना की लागत 658 करोड़ रुपए होगी। सोचने वाली बात है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटने की योजना ऐसे समय में आई है जब भारत के कई राज्य कई हफ्तों से भीषण गर्मी की चपेट में हैं।

# गहराते वायु प्रदूषण से एनीमिया की चपेट में महिलाएं

- सीमा अग्रवाल

**'जहरीली हवाओं का चैंबर बनता वायुमंडल महिलाओं को खून की कमी का शिकार बना रहा है। गहराते वायु प्रदूषण से महिलाओं में सांस, आंख और दिल के रोगों के साथ एनीमिया का स्तर बढ़ा है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) दिल्ली और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार पी.एम. 2.5 वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने से महिलाओं और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में एनीमिया हो सकता है। यह पहला भारतीय अध्ययन है जो पीएम 2.5 के संपर्क और छोटे बच्चों में एनीमिया के बीच स्पष्ट संबंध स्थापित करता है। वैश्विक स्तर पर, भारत में एनीमिया का सबसे बड़ा बोझ खासकर महिलाओं और बच्चों में हैं।**



एनवायरनमैंटल एपिडेमियोलॉजी जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया है कि पी.एम. 2.5 के स्तर में हर 10 माइक्रोग्राम प्रति मीटर क्यूब की वृद्धि के लिए, औसत हीमोग्लोबिन के स्तर में 0.07 ग्राम प्रति डी.एल. की कमी होती है। अगर हम देखें तो पाएंगे एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें खून में पर्याप्त स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाएं या हीमोग्लोबिन नहीं होता है। इससे शरीर के अंगों में ऑक्सीजन का फ्लो कम हो जाता है इसके कारण शरीर जल्दी थक जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार अब तक एनीमिया को पोषण की कमी के तौर पर देखा जाता था। लेकिन पोषण की कमी के साथ अब वायु प्रदूषण भी एनीमिया का कारक बन रहा है। महिला स्त्री रोग विशेषज्ञों के अनुसार भले सरकार एनीमिया मुक्त भारत के लिए तमाम प्रयास कर रही है। कई पोषण अभियान चलाए गए हैं। इनके बावजूद वायु प्रदूषण के कारण एनीमिया के जोखिम महिलाओं को घर के अंदर का वायु प्रदूषण ज्यादा इफैक्ट करता है। घर के अंदर की हवा केवल खाना बनाने से नहीं बल्कि रोशनी और गर्मी से भी दूषित होती है। कटते जंगल, खत्म होती हरियाली, शहरीकरण अब तेजी से बढ़ा है। घरों में इंडोर प्लांट्स और किचन गार्डन का कांसैप्ट भी खत्म हो चुका है। महिलाएं अपनी शारीरिक संरचना, प्रजनन, संतुलित आहार न लेने, रसोई में अधिक समय बिताने और आ्थक रूप से स्वतंत्र न होने के कारण वायु प्रदूषण से अधिक प्रभावित होती हैं। 'लैंसेट' पत्रिका के अध्ययन में कहा गया है कि वायु प्रदूषण भारत में सालाना करीब 23 लाख से अधिक असमय मौतों का कारण बनता है। वहीं 'आईक्यूएयर' का कहना है कि भारत ने अब दुनिया के तीसरे सबसे प्रदूषित देश का स्थान हासिल कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में भारत की वायु गुणवत्ता औसत वा्षक पीएम 2.5 सांद्रता 54.4 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में सालाना 10-30 हजार लोग वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से मर रहे हैं। आई.आई.टी. मुंबई के जानकारों ने दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर जो शोध किया उसके मुताबिक दिल्ली में सालाना मौत का यह आंकड़ा 14,800 है। वायु प्रदूषण पर नजर रखने वाले एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडैक्स (ए.क्यू.एल.आई.) और शिकागो विश्वविद्यालय स्थित एनर्जी पॉलिसी इंस्टीच्यूट के ताजा अध्ययन में कहा गया है कि उत्तर भारत में खराब हवा के कारण सामान्य इंसान की जिंदगी करीब 7.5 साल कम हो रही है। पिछले सालों में कम से कम 3 प्रतिष्ठित रिपोर्ट्स ने कहा कि भारत में 10 से 12 लाख लोग प्रदूषित हवा से मर रहे हैं। पहले लैंसेट रिपोर्ट जिसने 2015 में 10 लाख भारतीयों के वायु प्रदूषण से मरने की बात कही है। जो महिलाएं खाना पकाने के लिए लकड़ी का उपयोग करती हैं, वे प्रदूषण से संबंधित बीमारियों से पीड़ित होती हैं। वहीं गोबर की आग से निकलने वाले धुएं से श्वसन और फेफड़ों की बीमारियां, ब्रोंकाइटिस आदि होती हैं। रसोई संबंधी गतिविधियों के दौरान गैस स्टोव का उपयोग करने और मास्क पहनने की सलाह दी जाती है। स्त्री रोग विशेषज्ञ वायु प्रदूषण से बचाव के लिए लोगों, विशेषकर श्वसन संबंधी समस्याओं से ग्रस्त लोगों को मास्क पहनने की सलाह देते हैं। वे प्रदूषण के खिलाफ शरीर को मजबूत बनाने के लिए योग, व्यायाम और पौष्टिक आहार की वकालत करते हैं। स्वच्छ हवा की वकालत करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि सभी सरकारों को इस समस्या के समाधान के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। वायु प्रदूषण पर काबू पाने के लिए देशव्यापी प्रयासों की जरूरत है, जैसे प्लास्टिक और टायर जलाने पर रोक लगाना। हालांकि अभी हालात में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। पूरे दक्षिण एशिया में महिलाएं वायु प्रदूषण से बड़ी संख्या में बीमार पड़ रही हैं। सभी इस बात को स्वीकार करते हैं कि हरे-भरे स्थान जीवन और स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, इसलिए हमें पर्यावरण अनुकूल बनना होगा।

# वायनाड चुनाव प्रियंका के लिए पहली अग्निपरीक्षा

अटकलबाजी और प्रत्याशा की झड़ी के बीच, कांग्रेस पार्टी ने वायनाड में उपचुनाव में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को मैदान में उतारकर एक रणनीतिक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह सीट उनके भाई राहुल गांधी द्वारा रायबरेली को बरकरार रखने और वायनाड से हटने के फैसले के बाद खाली हुई, दोनों ही सीटों पर उन्होंने जीत हासिल की थी। अगर यह कदम सफल होता है, तो यह प्रियंका, उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए एक बड़ा बदलाव हो सकता है। इसने जनता और राजनीतिक वर्ग के बीच उत्साह और संदेह को जन्म दिया है। जब उनकी उम्मीदवारी की घोषणा की गई, तो उन्होंने कहा, ''मुझे वायनाड का प्रतिनिधित्व करने में खुशी हो रही है और मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि लोगों को राहुल गांधी की कमी महसूस न हो। मैंने अपने परिवार की राजनीतिक विरासत और दक्षिण में गांधी परिवार की मौजूदगी को जारी रखने के लिए वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला किया।'' ''मेरी दादी इंदिरा गांधी का वायनाड के लोगों के साथ एक मजबूत संबंध था और मुझे उम्मीद है कि मैं इसे और आगे बढ़ाऊंगी।'' राहुल और उनकी मां सोनिया ने कई वर्षों तक कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व किया और सांसद के रूप में कार्य किया। आगामी वायनाड चुनाव प्रियंका के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती होगी क्योंकि यह उनकी पहली अग्निपरीक्षा होने वाली है। भाजपा समेत पूरा देश उनके प्रदर्शन पर करीब से नजर रखेगा। राजनीतिक परिवार में जन्मी प्रियंका ने अपनी मां के चुनाव प्रचार में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया है। 2004 में राजनीति में प्रवेश करने पर उन्होंने अपने भाई के लिए भी प्रचार किया। 2014 और 2019 में ऐसी अफवाहें थीं कि प्रियंका मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं। 2024 के चुनावों से पहले, उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य वंशवाद को लेकर भाजपा की आलोचना का मुकाबला करने के लिए 3 गांधीवादियों को मैदान में उतारने से बचना है। गांधी परिवार ने 2024 के चुनावों को कांग्रेस के लिए एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखते हुए अपना विचार बदल दिया। उन्होंने तय किया कि केरल से कांग्रेसी सांसद के रूप में प्रियंका को चुनावी राजनीति में पेश करने का यह सही समय है क्योंकि यह एक सुरक्षित सीट है। अपनी दादी इंदिरा गांधी से मिलती-जुलती प्रियंका 2019 में राजनीति में प्रवेश करने के बाद से ही सुर्खियों में है। वह कांग्रेस पार्टी की महासचिव बनी और पार्टी के प्रचार में अहम भूमिका निभाई। प्रियंका को 2024 के चुनाव में कांग्रेस की संख्या लगभग दोगुनी करने और पार्टी में नई जान फूंकने का श्रेय दिया जाता है। उत्तर प्रदेश में प्रियंका गांधी को प्रभाव छोड़ने में संघर्ष करना पड़ा। 2022 के विधानसभा चुनावों में जब कांग्रेस ने उनके नेतृत्व में खराब प्रदर्शन किया तो उन्हें जवाबदेह नहीं ठहराया गया। हालांकि, हिमाचल प्रदेश में उनके व्यापक प्रचार को राज्य में कांग्रेस पार्टी की हालिया सफलता का श्रेय दिया गया। 2024 में, प्रियंका ने देश भर में पार्टी के प्रचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया। उन्होंने 108 सार्वजनिक बैठकें कीं, रोड शो में भाग लिया और 16 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में प्रचार किया। वायनाड से चुनाव लड़ने का फैसला प्रियंका के लिए चुनौतियों और अवसरों का अनूठा समूह प्रस्तुत करता है।

# घटता जलस्तर, काश! पंजाबियों के लिए ऐसा दिन कभी न आए

मंगत राम पासला

पंजाब की मौजूदा स्थिति ऐसी है जैसे सड़क दुर्घटना में घायल कोई व्यक्ति खून से लथपथ सड़क के किनारे पड़ा हो लेकिन उसकी मदद करने की बजाय उसके पास खड़े व्यक्ति केवल यह कहते हुए आगे गुजर जाते हैं कि, ''लगता है कि बचेगा नहीं?''पंजाब के भूजल स्तर के दिन-ब-दिन कम होते जाने का जिक्र अक्सर होता रहता है। विशेषज्ञों के अनुसार राज्य के 130 में से 109 ब्लाकों में पानी खतरनाक स्तर तक नीचे चला गया है। पंजाबियों को अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए देश के 4 महानगरों में से एक चेन्नई के निवासियों की तरह भी दूसरे प्रांतों से आने वाली पानी से भरी विशेष ट्रेन का इंतजार करना पड़ सकता है। झीलों का शहर कहे जाने वाले बेंगलुरु के लोगों का भी यही हश्र देखा गया था। काश! ऐसा मनहूस दिन पंजाबियों के लिए कभी न आए। लेकिन जब तक पंजाब सरकार, विपक्षी दल, विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करने वाले सार्वजनिक संगठन और पंजाब का नागरिक समाज एक साथ बैठकर इस गंभीर मुद्दे पर गहराई से चर्चा नहीं करता और पानी के अस्तित्व और शुद्धता को बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं करता, तब तक बातें करना फिजूल है। इस दु-स्वप्न से बचने का कोई रास्ता नहीं है जो निकट भविष्य में सशर्त सत्य बनने जा रहा है। निस्संदेह, पानी कृषि के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। पानी के बिना खेती करना असंभव है। लेकिन पंजाब की धरती पर रहने वाले विभिन्न व्यवसायों से जुड़े शहरों और कस्बों में रहने वाले लाखों भूमिहीन, साधनहीन श्रमिकों के लिए भी 'जल ही जीवन है' यानी जल ही उनके जीवन का मूल आधार है। इसलिए इस मुद्दे का समाधान निकालते समय न केवल किसानों, बल्कि पूरे पंजाबियों के हित का ध्यान रखना होगा।



इस हेतु धान के स्थान पर कम पानी के उपयोग वाली फसलें लगाने की ठोस योजना बनाना आवश्यक है। इसके अलावा, सरकार को किसान संगठनों द्वारा सुझाए गए फॉर्मूले के अनुसार लाभकारी मूल्य पर इन फसलों की गारंटीकृत खरीद की व्यवस्था भी करनी होगी। दुर्भाग्य से कोई भी दल इस गंभीर मुद्दे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रहा है। प्रदेश का पर्यावरण इतना प्रदूषित हो गया है कि कभी-कभी सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। ओवरफ्लो के कारण अक्सर सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो जाता है और दुर्गंध छोड़ता है। अक्सर यह सड़ता हुआ पानी लोगों के घरों में भी घुस जाता है। हर दिन हम सीवरेज पाइपों के रिसाव, पीने के पानी के पाइपों में मिश्रण के कारण प्रदूषण की कई शिकायतें सुनते हैं, जो मौजूदा सीवरेज प्रणाली के खराब प्रदर्शन का संकेत देते हैं। लेकिन कई जानलेवा बीमारियों को फैलाने वाली इस समस्या का समाधान ढूंढने की सरकारी कोशिशें कहीं नजर नहीं आ रही हैं। सरकार और नौकरशाही ने अपनी आंखें और कान बंद कर लिए हैं। सरकारों और मुनाफे के भूखे अमीर लोगों की इस असंवेदनशीलता का शिकार पंजाब के सभी लोग हो रहे हैं, लेकिन इस मामले में सबसे बुरी स्थिति मालवा के दक्षिणी जिलों में रहने वाले लोगों की है जो सतलुज नदी का पानी पीते हैं। वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट जल को पुनर्चक्रण द्वारा शुद्ध करने के उपाय सरकार के एजेंडे में ऊपर नहीं हैं। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की सारी मेहनत अमीर लोगों की सेवा करने और गरीब लोगों से बिना टैक्स वसूले हुए धन की छवि चमकाने के लिए प्रचार के माध्यम से बर्बाद हो जाती है। जरूरतमंद लोगों को सस्ती और मुफ्त बिजली, आटा-दाल योजना और अन्य जरूरी चीजें ही नहीं बल्कि जीवन की सभी सुविधाएं मिलनी चाहिएं। आखिर क्यों इन सरकारी योजनाओं का लाभार्थी महंगी कारों के मालिकों, अच्छी आर्थिक स्थिति वाले लोगों को बनाया जाता है। कई सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे और क्यों करोड़ों लोगों को मरने के बाद भी मिलता रहता है? जो अचल संपत्तियां उच्च वर्ग के लोगों, अधिकारियों और अमीरों की मदद से हजम की जा रही हैं, उन्हें समुदाय के एक हिस्से की मदद से हजम किया जा रहा है, क्या यह उनके साथ घोर अन्याय नहीं है कि हमें कृषि के लिए मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए? किसी सरकारी अस्पताल या सार्वजनिक सेवा से संबंधित किसी भी संस्थान के आकस्मिक निरीक्षण से यह आसानी से पता चल सकता है कि ये संस्थान आवश्यक मशीनरी और उपकरण, दवाओं और विशेषज्ञ कर्मचारियों के बिना कैसे चलाए जा रहे हैं। पंजाब के कई गांवों-शहरों में सरकारी अस्पतालों के अलावा प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.) के भारी योगदान से शानदार इमारतों वाले अस्पताल भी खोले गए हैं। हालांकि, सरकार द्वारा आवश्यक डाक्टरों, सहायक कर्मचारियों, दवाओं और उपकरणों आदि की आपूर्ति की जिम्मेदारी से बचने के कारण, आवारा जानवरों और पक्षियों ने इन इमारतों में घौंसले बना लिए हैं। यदि पंजाब सरकार 'मोहल्ला क्लीनिक' का नाटक करने की बजाय पहले से स्थापित स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे को ही नष्ट कर दे, तो पंजाब में बहुत से लोग महंगे निजी अस्पतालों के अत्यधिक खर्चों के डर से बिना इलाज के ही मर जाएंगे। गरीबों से लेकर निम्न मध्यम वर्ग के लोगों की जान बचाई जा सकती है। शैक्षणिक ढांचे की भी यही दुर्दशा की गई है। आज गरीब और निचले तबके के लोगों के लिए शिक्षा बहुत महंगी हो गई है। यह मध्यम वर्ग के लोगों की पहुंच से बाहर हो गई है। बहुत से युवा भ्रमित एवं पथभ्रष्ट होकर लूट, डकैती एवं आपराधिक घटनाओं एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों को अंजाम देकर राज्य की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संरचना को खराब कर रहे हैं।

# बछड़े का कटा सिर मिलने पर बवाल

## हिंदू संगठनों ने कलेक्ट्रेट घेरा, देर रात थाना घेराव पर पुलिस ने किया था लाठी चार्ज





**मीडिया ऑडीटर, दुर्ग एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दुर्ग के गया नगर इलाके में बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने पर हंगामा हो गया। हिंदू वादी संगठनों ने सोमवार सुबह कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया। प्रदर्शन में हिंदू युवा मंच और राष्ट्रीय बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं शामिल थे। ये लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में घुस गए। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहले इंद्रा मार्केट में इकट्ठा हुए। इसके बाद रैली निकलकर कलेक्टर परिसर पहुंचे। एएसपी भिलाई सुखनंदन राठौर का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और बछड़े के सिर को लैब टेस्ट के लिए भेजा गया है। इसके बाद मामला सिद्ध होने पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले रविवार रात भी जमकर बवाल हुआ था। हिंदू संगठनों ने इसे विशेष समुदाय के लोगों की करतूत बताते हुए देर रात कोतवाली थाने का घेराव किया। विरोध इतना बढ़ गया कि उन्हें शांत कराने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। पुलिस का कहना है कि एक कुत्ता मरे हुए बछड़े का सिर ले आया था। इस घटना को लोगों ने दूसरे रूप में ले लिया।

**पानी की टंकी के पास मिला बछड़े का सिर:** जानकारी के मुताबिक, गया नगर पानी टंकी के पास रविवार को एक बछड़े का कटा सिर मिला। इसके बाद वहां के लोगों सहित हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने इस घटना को विशेष समुदाय के लोगों द्वारा करने का आरोप लगाते हुए पटेल चौक पर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। सूचने मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची मोहन नगर पुलिस ने सिर को जब्त कर लिया है। टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि बछड़े का सिर किसी ने काटकर नहीं फेंका, बल्कि जहां मरे हुए जानवरों को फेंका जाता है वहां से एक कुत्ता मरे हुए बछड़े का सिर ले आया था और उसे गया नगर में छोड़कर चला गया था।

लोगों ने समझा कि किसी विशेष समुदाय के लोगों का यह काम है और फिर हिंदूवादी लोगों ने इसे लेकर बवाल करना शुरू कर दिया।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताई हकीकत:** मोहन कुमार वर्मा के मुताबिक गया नगर पानी टंकी के पास उसके साथ कुछ लोग भी बैठे थे। उन्होंने देखा कि सुबह एक कुत्ता बछड़े का सिर उठाकर ले जा रहा है। इसे लेकर आपस में चर्चा भी की कि कुत्ता बछड़े का सिर ले जा रहा है। वो जरूर इसे बस्ती में कहीं छोड़ेगा।

लोग बछड़े का कटा सिर देखेंगे तो बवाल हो सकता है। बस्ती के लोगों ने बताया कि उनके घर से थोड़ी दूर पर एक खाली जगह है वहां पर लोग मरे हुए जानवरों को फेंकते हैं और फिर उसे काटकर उसका चमड़ा और हड्डी को भी निकालते हैं। वहीं कुत्तों का झुंड भी रहता है।

**लोग बछड़े का सिर लेकर पहुंचे थाने:** हिंदू संगठन के लोगों ने जब बछड़े का कटा हुआ सिर बस्ती में देखा तो उन्होंने इसे लेकर विरोध करना शुरू कर दिया। सिर लेकर दुर्ग कलेक्टोरेट के सामने पटेल चौक पहुंचे और वहां रखकर प्रदर्शन करने लगे। मामला बढ़ता देख पुलिस बछड़े का सिर उठाकर थाने ले आई।

इतना करने के बाद प्रदर्शनकारी और भड़क गए और कोतवाली थाने का घेराव करने पहुंच गए। देर रात सैकड़ों की संख्या में हिंदूवादी संगठन के लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस ने भांजी लाठी:** बढ़ते विवाद को शांत करने के लिए सभी थानों से थाना प्रभारियों और पुलिस बल को बुलाया गया। देखते ही देखते रविवार रात कोतवाली थाना छावनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन को शांत कराने की कोशिश की तो लोगों ने पुलिस से ही धक्का मुक्की शुरू कर दी। मामला बढ़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के ऊपर लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने लोगों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। इसके बाद लोग वहां से भागे और पुलिस पर पथराव भी शुरू कर दिया। इसमें कुछ पुलिस वाले भी घायल हुए हैं।

**देर रात तक तनाव पूर्ण स्थिति रही:** पुलिस की लाठी चार्ज के बाद प्रदर्शनकारी कोतवाली थाने के पास से भाग खड़े हुए, लेकिन वो लोग दूर जाकर पटेल चौक में इकट्ठा होकर पुलिस के खिलाफनारेबाजी करते रहे। लोग दोबारा आक्रोशित ना हो इसे देखते हुए वहां पुलिस बड़ी संख्या में तैनात रही। देर रात तक पुलिस बल को कोतवाली थाने के पास तैनात रखा गया तो और पूरे शहर में पेट्रोलिंग पार्टी को बढ़ा दिया गया।

**विश्व हिंदू, बजरंग दल ने दी जिला बंद की चेतावनी:** विश्व हिंदू बजरंग दल के पदाधिकारी राम लोचन तिवारी ने कहा कि हमें सूचना मिली थी कि हमारी गौ माता के बछड़े का सिर मिला है गिरधारी नगर पानी टंकी के पास। उस सिर को देखकर ऐसा लग रहा है कि उसका सिर काटा गया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो देखा कि उस सिर को कुत्ता उठाकर लाया है, लेकिन जब सिर को देखा गया तो सिर में कहीं पर भी कुत्ते के काटने के निशान नहीं हैं। किसी ने नाले में उसको काटकर फेंका है और कुत्ता नाले से उसे उठाकर ले आया है। लगातार जिहादी मानसिकता के लोग छत्तीसगढ़ में इस तरह के कार्य कर रहे हैं। हम उसका विरोध करते हैं। पुलिस प्रशासन को चाहिए वो इस तरह के मुद्दे को लेकर तत्काल कार्रवाई करे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विश्व हिंदू बजरंग दल सकल हिंदू समाज को एकत्र कर पूरे दुर्ग को बंद कराकर प्रदर्शन करेगा।

**दुर्ग पुलिस ने दर्ज किया मामला, बनाई विशेष टीम:** एएसपी दुर्ग अभिषेक झा ने बताया कि रविवार देर शाम 7:30 बजे के करीब पुलिस को सूचना मिली थी की थाना कोतवाली के गिरधारी अगर आम रोड पानी टंकी के पास प्रिंस कसेर को एक गो वंशीय सिर मिला है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने देखा कि बड़ी संख्या में लोग गोवंशीय सिर को पटेल चौक में रखकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

पुलिस के समझाने के बाद भी जब वो नहीं माने तो पुलिस ने सिर को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी उग्र हो रहे थे, जब वो तोड़फोड़ पर उतारू हो गए तो पुलिस ने उन्हें शांत करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया है।

लोगों को आश्वासन दिया गया है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और इसकी विवेचना शुरू कर दी गई है। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।

# 8 लोगों को मिली बीमा राशि

## 240 वाहनों को पहुंचाया गया था नुकसान, दस्तावेज रिकवरी के लिए बनाई गई टीम



**मीडिया ऑडीटर, बलोदा बाजार एजेंसी।** बलौदाबाजार आगजनी की घटना में करीब 12 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। वहीं पीड़ितों को बीमा कंपनी से राशि मिलना शुरू हो गई है। दस्तावेज रिकवरी के लिए भी टीम बनाई गई है।बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी और एसपी विजय अग्रवाल ने यह जानकारी दी है।

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि आगजनी की घटना में अब तक के आकलन में करीब 12 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। जिसमें संयुक्त जिला कार्यालय भवन, जिला पंचायत कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील और पंजीयन कार्यालय भवन, वाहन, उपकरण, फर्नीचर शामिल हैं।

**7-8 लोगों को मिली बीमा की राशि:** शहर में हुई अन्य क्षति का आकलन किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि घटना में गाड़ियों को हुई क्षति के लिए बीमा कंपनियों से राशि दिलवाई जा रही है। अब तक 7 से 8 लोगों को बीमा की राशि मिल चुकी है और करीब 23 केस प्रोसेस में है।

कलेक्टर ने बताया कि घटना में लगभग 240 निजी और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हुए है। जिनमें पूरी तरह जले 31 निजी और 4 सरकारी चार पहिया वाहन शामिल हैं। जिन निजी वाहनों का बीमा नहीं हैं उनका मूल्यांकन कराया जा रहा है। घटना से पीड़ितों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बेहतर करने राहत समिति बनाई गई है।

**कानून व्यवस्था दुरुस्त करने लगातार बैठक:** दस्तावेज क्षति के लिए भी टीम बनाई गई है। पुलिस, आबकारी, जिला योजना और सांख्यिकी विभाग में दस्तावेज पुनर्निर्माण के काम भी शुरू हो गए हैं। कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है। अब तक चेंबर ऑफकॉमर्स, सिविल सोसाइटी, गैर शासकीय संगठन, कृषक संगठनों, पेट्रोल पंप संचालकों के साथ बैठक कर शांति बहाली के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

**सामाजिक संगठनों से भी की जा रही बातचीत:** सभी को सीसीटीवी कैमरे लगवाने कहा गया है। सामाजिक संगठनों से बातचीत कर जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने सहयोग और सुझाव लिया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम भी बनाई गई है, जो 24 घंटे निगरानी कर रही है।

**भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई:** निगेटिव और भड़काऊ पोस्ट पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही क्ड और क्व् के द्वारा शांति समिति की बैठक लेकर शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं। किराए पर दिए गए मकान और दुकान की सूची नजदीकी थाने को देने, ठेका श्रमिकों की सूची संबंधित विभाग को देने कहा गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से 2 किसानों की मौत

## बारिश होने पर पेड़ के नीचे खड़े थे, सुबह मिली दोनों की लाश

**मीडिया ऑडीटर, बलौदाबाजार एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में आकाशीय बिजली गिरने से 2 किसानों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि, रविवार को दोनों खेत गए थे। शाम तक नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश की, लेकिन अंधेरा होने से उनका पता नहीं चला। सोमवार खेत में सुबह लाश मिली है। घटना पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदी खार की है।

जानकारी के मुताबिक, गातापार गांव निवासी नंदकुमार निषाद (46) और भोला वर्मा (40) बारिश होने पर पेड़ पर नीचे खड़े थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। पुलिस ने दोनों के शव का पंचमाना कर पोस्टमॉर्टम के लिए सीएचसी पलारी भेजवा दिया है।

**आकाशीय बिजली की चपेट में आए किसान:** बताया जा रहा है कि, रविवार सुबह दोनों किसान धान बोने से पहले खेत देखने गए थे, जहां पर अचानक गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश होने लगी। वहीं, बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़े हो गए। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

**सुबह खेत में मिली दोनों की लाश:** जब देर शाम तक घर नहीं लौटे, तो परिजन ढूंढने निकले। लेकिन रात होने से खेत के अंदर नहीं जा पाए। दूर से ही आवाज लगाकर पता लगाने की कोशिश की। जब कहीं से कोई जवाब नहीं मिला तो वापस परिवार के लोग घर लौट गए। सुबह वापस खेत जाकर देखा, तो पेड़ के नीचे दोंनों की लाश पड़ी थी।

# सड़क हादसा, महिला सहित 4 की मौत

## बाइक सवारों को कुचलने के बाद पलटा ट्रक, युवक को रौंदकर भाग निकला पिकअप





**मीडिया ऑडीटर, बलरामपुर निप्र।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में रविवार रात बाइक सवारों को कुचलते हुए तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि ट्रक का खलासी गंभीर रूप से घायल है। वहीं, एक अन्य हादसे में पिकअप की टक्कर से युवक ने दम तोड़ दिया। दोनों हादसे राजपुर थाना क्षेत्र में हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, गढ़वा निवासी रतन केसरी (32) बाइक पर अपनी बड़ी मां उषा देवी (60) के साथ राजपुर एक जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। अभी वे नेशनल हाईवे पर भेड़ाघाट मोड़ के पास पहुंचे थे कि ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद पेड़ से टकराकर पलट गया।

**हादसे में 3 की मौत, परिचालक रेफर:** हादसे में ट्रक के पहिए के नीचे आने से रतन केसरी और उषा देवी की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और ट्रक में फंसे चालक औरंगाबाद निवासी बबलू यादव (32) और परिचालक अभय कुमार (22) को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां बबलू को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

परिचालक अभय कुमार को प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर किया गया है। उसके सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि, ट्रक लोहे के सरिए लादकर रायपुर की ओर से आ रहा था।

**पिकअप की टक्कर से युवक की मौत:** वहीं दूसरा हादसा भी राजपुर क्षेत्र में हुआ। देर रात पैदल जा रहे राजपुर निवासी मंजीत एक्का (34) को पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप लेकर चालक भाग निकला। घायल को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस सीसीटीवी की मदद से पिकअप की तलाश कर रही है।

### कबाड़ दुकानों में खप रहा चोरी का सामान

## बाइकों को काटकर बना रहे स्क्रैब, एक दुकान से 70 किलो केबल वायर बरामद



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जिले में रविवार को पुलिस ने एक कबाड़ दुकान में छापेमार कार्रवाई कर 70 किलो चोरी का केबल वायर बरामद किया है। चोरी का सामान कबाड़ दुकान में खपाए जाने की सूचना पर पुलिस ने एक्शन लिया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है। दरअसल, पिछले कुछ समय से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। शहर के साथ ही जिले में सार्वजनिक जगहों पर खड़ी बाइक लगातार चोरी हो रही है। पुलिस चोर गिरोह तक नहीं पहुंच पा रही है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि ज्यादातर बाइक कबाड़ दुकान में खप रहे हैं। कबाड़ दुकान संचालक और उनके कर्मचारी बाइक को काटकर स्क्रैब के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

**70 किलो केबल वायर बरामद:** सिरगिट्टी पुलिस को सूचना मिली थी कि, गुरु गोविंद सिंह मंगल भवन के पास रहने वाले कबाड़ी मोहसीन शेख (31) चोरी का सामान खरीद रहा है। इस पर पुलिस की टीम ने उसके गोदाम में दबिश दी। तलाशी में चोरी का केबल मिला। पूछताछ करने पर कबाड़ी गोलमोल जवाब दे रहा था। पुलिस ने 70 किलो केबल जब्त कर लिया है। संचालक से दस्तावेज मांगे गए हैं।

**पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के लग रहे आरोप:** शहर के सरकंडा, सिटी कोतवाली, सिविल लाइन, तोरवा, कोनी सहित सिरगिट्टी और सभी थाना क्षेत्र में कबाड़ दुकान संचालित है। जहां इस तरह का अवैध कारोबार चल रहा है। लेकिन, पुलिस वहां न तो छापेमारी करती है और न ही कबाड़ जब्त कर कार्रवाई करती है।

**अवैध सामान की खरीद-फरोख्त:** कबाड़ी अक्सर चोरी का सामान धातु, तार और अन्य उपकरण भी खरीदते और उन्हें बेचते हैं। कबाड़ी स्थानीय अपराधियों के साथ मिलकर चोरी और अन्य अपराधों में संलिप्त रहते हैं। वे चोरी के सामान को छिपाने और बेचने में मदद करते हैं। पुलिस की अनदेखी और कुछ मामलों में मिलीभगत ने कबाड़ियों को बेखौफबना दिया है।

## नवीन कानुनों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कार्ययोजना टीम गठित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** 01जुलाई 2024 से देश में तीन महत्वपूर्ण कानून क्रमश: भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 भारतीय न्याय संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 प्रभावशील होने जा रहे है। पुसिल मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा इस संबंध में प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। अत: तीनों अधिनियम के प्रभावशील होने के पूर्व जिला एवं स्थानीय क्षेत्रों में बैनर, पोस्टर, बैनर, चलित थाना, रैली, विभिन्न जागरूकता अभियान आदि माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना है। मनेंद्रगढ़ अनुभाग हेतु प्रचार-प्रसार किय जाने के लिए टीम का गठन इस प्रकार किया गया है। पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनेंद्रगढ़ सहायतार्थ उप निरीक्षक सुनिल वितारी थाना प्रभारी झगराखांड, थाना झगराखांड का बल-आरक्षक 01 थाना महिला आरक्षक 01, मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के लिए निरीक्षक अमित कश्यप थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़, थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ का बल, आरक्षक 01 थाना महिला आरक्षक 01, जनकपुर क्षेत्र के लिए निरीक्ष दिपेश सैनी रक्षित केंद्र मनेंद्रगढ़ सउनि राकेश शर्मा चौकी प्रभारी खोंगापानी, थाना झगराखांड का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01, चिरमिरी अनुभाग हेतु उप निरीक्षक ओ.पी. दुबे थाना प्रभारी जनकपुर थाना जनकपुर बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01 चिरमिरी क्षेत्र हेतु नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी, सहायतार्थ रामनयन गुप्ता थाना प्रभारी खड़गवां, प्रधान आरक्षक लालमोरध्वज, रीडर नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी, थाना झगराखांड बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक, चिरमिरी क्षेत्र निरीक्षकर अमित कौशिक थाना प्रभारी चिरमिरी, थाना चिरमिरी का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01, उप निरीक्षक गंगा साय पैकरा थाना प्रभारी पोंडी, थाना पोंडी का बल, आरक्षक 01, महिला आरक्षक 01। नवीन कानूनो के प्रचार-प्रसार के लिए निम्मप्रकार कार्ययोजना तैयार की गई है:-चेम्बर ऑफ कामर्स 24 जून 2024, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता 25 जून 2024, स्थानीय महिला संगठन 26 जून 2024,सरपंच, सचिव 27 जून 2024, आटो चालक 28 जून 2024 मनेंद्रगढ़ में, जनपद कार्यालय जनकपुर में 28 जून 2024 को, स्थानीय बाजार तथा व्यापारिक संगठन कोटाडोल में 30 जून 2027 को, स्थानीय बाजार, व्यापारिक संगठन केल्हारी में 29 जून 2024 को किया जाना है।

नोट:- नगर पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागोय अधिकारी पुलिस अधिकारी अपने अनुविभाग में उपरोक्त दर्शित अनुसार टीम के माध्यम से 01 जुलाई 2024 से प्रभावशील होने जा रहे नवीन कानूनों के सम्बंध में स्थानीय क्षेत्र में बैनर, पोस्टर, पॉम्पलेट, चलित थाना, रैली, विभिन्न जागरूकता कार्यकम से प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करेंगे। 22 जून 2024 से 30 जून 2024 तक की कार्ययोजना बनाकर आपकी ओर भेजी जा रही है।

## एक्सप्रेस ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ नहीं, यात्रियों की भीड़ बढ़ी

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर जोनल स्टेशन से गुजरने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की डिमांड काफी बढ़ गई है। जिसके चलते लोगों को कंफर्म बर्थ नहीं मिल रहा है। टॉयलेट या फिर गेट पर बैठकर यात्री सफर करने के लिए मजबूर हैं।

दरअसल, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के चलते सभी दिशाओं की ट्रेनों को कैंसिल कर दिया गया है। ऐसे में यात्रियों के लिए ट्रेनों का विकल्प नहीं है। यही वजह है कि वेटिंग टिकट लेकर यात्री रिजर्वेशन के बिना यात्रा कर रहे हैं। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली हावड़ा-अहमदाबाद की स्थिति कुछ इसी तरह थी। लंबी दूरी की इस ट्रेन के स्लीपर और जनरल कोच में पैर तक रखने की जगह नहीं थी। इस ट्रेन में स्लीपर और जनरल कोच में कोई अंतर नहीं दिख रहा। ज्यादातर यात्री वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करते दिखे।

**सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का है यही हाल:** यह नजारा केवल एक ट्रेन की नहीं बल्कि, हावड़ा और मुंबई रूट के साथ ही कटनी रूट पर चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों का भी यही हाल है। रेलवे के अलग-अलग जोन में इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का काम चल रहा है और अधिकांश ट्रेनें कैंसिल कर दी गई है।

## पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिए 2025 हेतु 15 सितंबर 2024 तक आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** भारत सरकार मंत्रालय द्वारा पदम पुरस्कार की श्रृंखला में पद्म विभूषण पद्म, भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कारों के लिए वर्ष 2025 हेतु नामांकन प्रस्ताव 15 सितंबर 2024 तक ऑनलाईन के माध्यम से चाही गई है। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य, पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव विभाग के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग को 30 अगस्त 2024 तक प्रेषित किये जाने के निर्देश है। उपरोक्तानुसार खेल के क्षेत्र में पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिये भारत सरकार के गाइडलाइन अनुसार निर्धारित पात्रता एवं मापदण्ड के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा सहित योग्य, पात्र व्यक्तियों के नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने हैं। भारत सरकार के संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशानुसार 15 अगस्त 2024 तक इस संचालनालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले नामांकन पर विचार नहीं किया जयेगा।

# जन्मदिन मनाकर लौट रहे 2 युवकों की मौत

## ओवरब्रिज से 25 फीट नीचे गिरे बाइक सवार, पिकनिक मनाने गए थे



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में बाइक सवार दो युवक ओवरब्रिज से नीचे गिर गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में एक युवक का आज जन्मदिन था। दोनों जन्मदिन मना कर घर लौट रहे थे। घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। युवक ओवरब्रिज से 25 फिट नीचे गिर गए। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। युवकों को जिंदा समझ कर 112 के माध्यम से अस्पताल के भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। युवकों का नाम आकाश (22) और नितेश (26) है, जो पाली पडनिया के रहने वाले हैं।

**पिकनिक से वापस लौटते वक्त हुआ हादसा:** मृतक के चाचा रूप कुमार कंवर ने बताया कि आकाश का आज जन्मदिन है और वह अपने दोस्तों के साथ भैसमा के पास पिकनिक मनाने गया हुआ था। नितेश और आकाश दोनों ने उनसे घूमने जाने की बात कह कर बाइक मांगी। दोस्तों के साथ पिकनिक से वापस लौट रहे थे।

**फोन पर परिजनों को मिली जानकारी:** भैसमा ओवरब्रिज के पास बाइक तेज रफ्तार में होने के कारण सामने से आ रही बाइक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई। दोनों ओवरब्रिज से 25 फीट नीचे जा गिरे। फोन पर परिजनों को जानकारी मिली कि 112 की मदद से अस्पताल ले जाया गया है। जहां परिजन मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी हुई।

**तेज रफ्तार बनी मौत की वजह:** बाइक पुल के ऊपर पड़ी हुई थी, वहीं दोनों नीचे जा गिरे थे। दोनों के सिर पर गंभीर चोट आई। जिस वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी उरगा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच शुरू की है।

# जुलाई महीने में 12 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** क्षेत्रीय छुट्टियों और सप्ताहांत की बंदी के कारण इस साल जुलाई में देश भर के बैंक 12 दिनों तक बंद रहेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक ने साल के लिए बैंक छुट्टियों की पूरी सूची जारी कर दी है और आरबीआई की छुट्टियों की सूची के अनुसार, इस महीने देश भर के बैंक दूसरे और चौथे शनिवार सहित कुल 12 दिन बंद रहेंगे। बैंक प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को काम करते हैं लेकिन दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं। बंदी के बावजूद, ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं चालू रहेंगी, जिससे ग्राहकों को तत्काल आवश्यकताओं के लिए बैंक वेबसाइटों, मोबाइल ऐप या एटीएम के माध्यम से लेनदेन करने की अनुमति मिलेगी। हालाँकि, ग्राहकों से आग्रह किया जाता है कि वे गैर-कार्यशील तिथियों को ध्यान में रखते हुए, सावधानीपूर्वक बैंक शाखाओं में जाने की योजना बनाएं।

## अयोध्या राम मंदिर पहली बारिश में टपकने लगा

अयोध्या। अयोध्या का राम मंदिर पहली ही बारिश में टपकने लगा। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा- गर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर गया। अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुए, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया- शनिवार रात 2 से 5 बजे तक तेज बारिश हुई। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह के सामने मंडप में 4 इंच तक पानी भर गया। मंदिर के अंदर लोगों को डर था कि कहीं बिजली का करंट न उतर आए। इसलिए सुबह 4 बजे होने वाली आरती टार्च की रोशनी में करनी पड़ी। सुबह 6 बजे की आरती भी ऐसे ही हुई। आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा- गर्भगृह के अलावा भी जो छोटे मंदिर बने हैं, वहां भी पानी भर गया है। इस पर ध्यान देना चाहिए कि जो बना है, उसमें क्या कमी रह गई? एक तो राम मंदिर से बारिश का पानी निकलने की जगह नहीं है। ऊपर से पानी भी चूने लगा, इससे अव्यवस्था हुई। अयोध्या में शनिवार-रविवार की रात 67 एमएम बारिश हुई, जिससे पूरे शहर में जगह-जगह पानी भर गया। सड़कें धंस गईं। 6 महीने पहले बने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की करीब 20 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल भी ढह गई।

## धर्मेंद्र प्रधान की शपथ के दौरान विपक्ष का हंगामा, लगे नीट-नीट के नारे

नई दिल्ली। अप्रैल से जून तक चलने वाले आम चुनावों के बाद पहला लोकसभा सत्र आज से शुरू हुआ है, हालांकि नीट परीक्षा विवाद के बीच यहां हंगामे के आसार बने हुए हैं। 18वीं लोकसभा में, एनडीए के पास 293 सीटों के साथ बहुमत है, जबकि भाजपा के पास 240 सीटें हैं, जो अपने दम पर 272 बहुमत के आंकड़े से कुछ ही दूर है। विपक्षी इंडिया गुट के पास 234 सीटें हैं, जिनमें से कांग्रेस के पास 99 सीटें हैं। सत्र में नवनिर्वाचित सांसदों का शपथ ग्रहण और निचले सदन के अध्यक्ष का चुनाव होगा। पीएम मोदी 2 जुलाई को लोकसभा को संबोधित करेंगे। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जब सांसद के रूप में शपथ ले रहे थे तो उसी दौरान विपक्षी सांसदों ने %नीट-नीट% के नारे लगाने शुरू कर दिए। दरअसल नीट परीक्षा को लेकर भी विपक्ष लगातार शिक्षा मंत्री को घेर रहा है।

# साउथ कोरिया में आग लगने से 20 लोगों की मौत, बैटरी फैक्ट्री जलकर खाक, मृतकों की बढ़ सकती है संख्या

**सियोल ( एजेंसी )।** साउथ कोरिया की राजधानी सियोल के पास रविवार को एक बैटरी निर्माता कंपनी में आग लगने के बाद सोमवार को फैक्ट्री के अंदर से 20 शव बरामद हुए हैं. 23 लोग अभी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है. मृतकों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है, क्योंकि कितने लोग ड्यूटी पर थे इसकी जानकारी नहीं मिल पाई. ड्यूटी से जुड़े रजिस्टर आग में जल गए हैं. आग लगने के बाद रविवार को ही 1 व्यक्ति का शव बरामद हुआ था और तीन घायलों को अस्पताल भेजा गया था।



साउथ कोरिया की न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सियोल से 45 किलोमीटर दक्षिण स्थित ह्वासोंग में लिथियम बैटरी निर्माता एरिसेल के प्लांट में रविवार की सुबह करीब 10ः30 बजे आग लगी. मुख्य आग पर दोपहर 3 बजे तक काबू पा लिया गया था, लेकिन सोमवार को भी अग्निशमन विभाग के कर्मी आग को बुझाते नजर आए. साउथ कोरिया के अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 लापता लोगों में से 20 विदेशी नागरिक हैं, जिनमें चीनी नागरिक भी शामिल हैं. इससे पहले टीवी फुटेज में देखा गया कि दिनभर जलते हुए संयंत्रों में छोटे-छोटे विस्फोट हो रहे थे.

**आग लगने के बाद बैटरी में हो रहे थे विस्फोट:** अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रविवार को एक श्रमिक हार्ट अटैक आ गया था, अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई. एक गंभीर रूप से घायल हो गया था और दो लोगों को मामूली चोटें आई थी. शुरुआती जांच में सामने आया है कि पहले आग एक तीन मंजिला इमारत में लगी जो 23 हजार वर्ग मीटर में फैली थी. बताया जा रहा है कि आग बुझाने में फायर विभाग को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, क्योंकि बैटरी में विस्फोट हो रहे थे।

**सरकार ने बुलाई आपात बैठक:** बताया जा रहा है कि बैटरी में हो रहे विस्फोट की वजह से आग काफी तेजी से फैल गई और अंदर काम कर रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए. एक अनुमान के मुताबिक, आग लगने वाली बिल्डिंग के अंदर करीब 35 हजार बैटरी रखी थी. इस हादसे के बाद साउथ कोरिया की सरकार ने रविवार दोपहर की एक आपात बैठक बुलाई. बैठक में आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्री ली सांग-मिन ने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों और स्थानीय सरकारों से आग बुझाने और जीवित बचे लोगों को बचाने का आदेश दिया. इससे पहले राष्ट्रपति यून सूक योल ने मंत्री ली को निर्देश दिया कि वे सभी संभव तरीकों को अपनाएं जिससे मरने वालों की संख्या कम हो सके।

## जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता बनाए गए

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के शपथ लेने के दौरान जब वे गैलरी से पोडियम की ओर बढ़ रहे थे, तब विपक्षी सांसदों ने उनकी हूटिंग की। 18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली।



मोदी के बाद उनकी कैबिनेट के लोकसभा सांसदों ने शपथ ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम जब शपथ के लिए बुलाया गया तो विपक्ष ने नीट-नीट, शेम-शेम बोलना शुरू कर दिया। विपक्ष नीट पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है। सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है। संसद में आज और कल नए सांसद शपथ लेंगे। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे।

## संसद सत्र से पहले मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद सत्र शुरू होने से आधे घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। दरअसल, कल यानी 25 जून को देश में आपातकाल के 50 साल पूरे हो रहे हैं। पीएम ने कहा- 25 जून न भूलने वाला दिन है। इसी दिन संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। भारत को जेलखाना बना दिया गया था। लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी संकल्प लेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा, जो 50 साल पहले की गई थी। प्रधानमंत्री ने 14 मिनट 28 सेकेंड के भाषण में इमरजेंसी के अलावा, नए संसद भवन, नए सांसदों, जिम्मेदार विपक्ष, तीसरे कार्यकाल, विकसित भारत पर अपनी बात रखी। मोदी ने आपातकाल का जिक्र करते हुए कहा- कल 25 जून हैं। जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा को समर्पित हैं, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून न भूलने वाला दिवस है। भारत की नई पीढ़ी ये कभी नहीं भूलेगी की संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था, भारत को जेलखाना बना दिया गया था, लोकतंत्र को पूरी तरह दबोच दिया गया था।



इमरजेंसी के ये 50 साल इस संकल्प के हैं कि हम गौरव के साथ हमारे संविधान की रक्षा करते हुए, भारत के लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करते हुए देशवासी ये संकल्प करेंगे कि भारत में फिर कभी कोई ऐसी हिम्मत नहीं करेगा।

## संसद परिसर में विपक्ष का संविधान की कॉपी लेकर प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज (24 जून) से शुरू हुआ। विपक्षी सांसदों ने भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने पर विरोध-प्रदर्शन किया। सांसदों ने संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने संविधान की कॉपी लहराई और संविधान बचाओ के नारे लगाए। विपक्षी सांसदों ने कहा कि सरकार ने नियमों के खिलाफ जाकर प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। नियम के मुताबिक, कांग्रेस के के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाया जाना था, क्योंकि वे 8 बार के सांसद हैं। महताब तो 7 बार के ही सांसद हैं। प्रदर्शन में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। राहुल गांधी ने प्रोटेस्ट के बाद कहा- प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह, जो आक्रमण संविधान पर कर रहे हैं, वो हमारे लिए स्वीकार्य नहीं है। हम ये आक्रमण नहीं होने देंगे। हिंदुस्तान के संविधान को कोई शक्ति नहीं छू सकती। खड़गे ने कहा- पीएम ने संविधान को तोड़ने की कोशिश की है।



## अनशन पर बैठीं आतिशी की बिगड़ी तबीयत, हॉस्पिटल में भर्ती होने से किया इनकार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तबीयत सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन बिगड़ गई और चिकित्सकों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी है।

हालांकि आतिशी ने हरियाणा द्वारा दिल्ली के पानी का उचित हिस्सा जारी किए जाने तक, प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभावों के बावजूद अस्पताल में इलाज कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, मेरा रक्तचाप और शर्करा का स्तर गिर रहा है और मेरा वजन भी कम हो गया है। कीटोन का स्तर बहुत अधिक है जो लंबे समय में हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। चाहे मेरे शरीर को कितना भी कष्ट क्यों न हो, मैं भूख हड़ताल तब तक जारी रखूंगी जब तक हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ देता। आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी का वजन और रक्तचाप तेजी से घट रहा है, जिसे लोकनायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल के चिकित्सकों ने खतरनाक बताया है। बयान में कहा गया है, जल मंत्री आतिशी का वजन भी अप्रत्याशित रूप से घट रहा है।



## छात्रों के हित में जल्द लिया जाएगा फैसला-चिराग पासवान ने

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नीट पेपर लीक को लेकर देश में सियासी हलचल तेज है। इस मामले को लेकर पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। इसी बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस विषय पर निगरानी रख रही है। छात्रों के हित में जल्द फैसला सही लिया जाएगा। चिराग पासवान ने कहा, ... पेपर लीक में जो भी दोषी होंगे और ग्रेस नंबर को लेकर छात्रों में जो भी चिताएं रही हैं उन तमाम बातों को ध्यान दिया जाएगा। सरकार गंभीरता से इस विषय पर निगरानी रख रही है। तमाम एजेंसियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। छात्रों के हित में जल्द फैसला सही लिया जाएगा। जांच चल रही है और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी... भविष्य में ऐसी कोई घटना न घटे इसे सरकार सुनिश्चित कर रही है। बता दें कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में अनियमितताओं की जांच रविवार को सीबीआई ने अपने हाथ में ले ली।

## जेपी नड्डा ने खरगे को लिखा पत्र, कांग्रेस की चुप्पी पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर तमिलनाडु में हाल ही में हुए जहरीली शराब हादसे पर उनकी पार्टी की 'उदासीन चुप्पी पर सवाल उठाया। नड्डा ने खरगे को लिखे पत्र में कहा कि तमिलनाडु जहरीली शराब त्रासदी पूरी तरह से मानव जनित आपदा है और अगर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले 'इंडिया गठबंधन की सरकार और अवैध शराब माफियाओं के बीच सांठगांठ नहीं होती तो शायद 56 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। नड्डा ने कहा कि तमिलनाडु में जहरीली शराब त्रासदी के बाद कल्लाकुरिची के करुणापुरम गांव में जलती चिताओं की भयावह तस्वीरों ने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा, ''खरगे जी, जैसा कि आप जानते हैं कि करुणापुरम में अनुसूचित जाति की आबादी काफी अधिक है।

## पीएम और वीवीआईपी के लिए सड़कें, फुटपाथ खाली कराए जाते हैं तो फिर सबके लिए क्यों नहीं-हाईकोर्ट

**मुंबई ( एजेंसी )।** बम्बई उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जब प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों (वीवीआईपी) के लिए सड़कों और फुटपाथ को एक दिन के लिए खाली कराया जा सकता है तो सभी लोगों के लिए क्यों रोज ऐसा नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति कमल खता की खंडपीठ ने कहा कि साफ फुटपाथ और चलने के लिए सुरक्षित स्थान हर एक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है और इसे मुहैया कराना राज्य प्राधिकरण का दायित्व है। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार के केवल यह सोचने भर से नहीं चलेगा कि शहर में फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले अनाधिकृत फेरीवालों की समस्या के समाधान के लिए क्या किया जाए। उन्हें (राज्य सरकार) अब इस दिशा में कुछ कठोर कदम उठाने होंगे। उच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष शहर में अनाधिकृत रेहड़ी और फेरीवालों के मुद्दे पर स्वतः संज्ञान लिया था।



पीठ ने सोमवार को कहा कि उसे पता है कि समस्या बड़ी है लेकिन राज्य और नगर निकाय सहित अन्य अधिकारी इसे ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। पीठ ने इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई का आह्वान किया । अदालत ने कहा, जब प्रधानमंत्री या कोई वीवीआईपी आते हैं तो सड़कें और फुटपाथ तुरंत साफ कर दिए जाते हैं और जब तक वे यहां रहते हैं, तब तक ऐसा ही रहता है।

## लोग ठोस काम चाहते हैं, नारेबाजी नहीं, देश को एक अच्छे विपक्ष की जरुरत-प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता विपक्ष से 'नखरे, ड्रामा, नारेबाजी और व्यवधान की जगह 'ठोस काम और संसद की गरिमा बनाए रखने की उम्मीद करती है। एक अच्छे और जिम्मेदार विपक्ष की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं व आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उनकी सरकार हर किसी की सहमति के साथ और हर किसी को साथ लेकर चलने का निरंतर प्रयास करेगी। 18वीं लोकसभा की शुरुआत के अवसर पर संसद भवन परिसर में मीडिया को संबोधित करते हुए मोदी ने संसदीय चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को 'महान और भव्य बताया तथा कहा कि अपने तीसरे कार्यकाल में उनकी सरकार पहले से तीन गुना ज्यादा मेहनत करेगी और परिणाम भी तीन गुना लाकर रहेगी। इस अवसर पर उन्होंने साल 2047 तक 'श्रेष्ठ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के संकल्प को दोहराया और साथ ही आपातकाल को याद करते हुए देशवासियों को इसकी 50वीं वर्षगांठ पर यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि भारत में फिर कभी कोई यह हिम्मत नहीं कर सके।

## केजरीवाल की जमानत पर आज फैसला सुनाएगा दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। लोकसभा चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 1 जून तक जमानत दी थी। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना पड़ा। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से मिली जमानत बरकरार रहती है या नहीं, इस पर दिल्ली हाईकोर्ट कल यानी 25 जून को दोपहर 2ः30 बजे फैसला सुनाएगा। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लगा दिया था। 21 जून को हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि हम 24-25 जून तक फैसला सुनाएंगे। तब तक जमानत पर रोक रहेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। वहीं ईडी ने सोमवार को हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर केजरीवाल को लोअर कोर्ट से जमानत दिए जाने को गैरकानूनी बताया। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट की वेकेशन बेंच के सामने जो भी जरूरी दस्तावेज रखे गए थे, बेंच ने उन पर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।



## भारत और बांग्लादेश में दक्षिण एशिया के भविष्य को आकार देने वाली एक रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और बांग्लादेश के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो इतिहास, भाषा और संस्कृति में गहराई से निहित है। यह बंधन संप्रभुता, समानता, विश्वास और आपसी समझ पर आधारित एक मजबूत साझेदारी में विकसित हुआ है। जो इस क्षेत्र और उससे परे द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक मॉडल के रूप में कार्य करता है। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, जबकि भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में, बांग्लादेश ने भारत को लगभग 2 बिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य का सामान निर्यात किया, जिससे भारत एशिया में उसका सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन गया। यह फलता-फूलता व्यापार संबंध दोनों देशों के बीच आर्थिक निर्भरता और सहयोग को रेखांकित करता है। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,096.7 किलोमीटर लंबी सीमा भारत की अपने किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी भूमि सीमा है। यह निकटता पुलिस मामलों, भ्रष्टाचार विरोधी गतिविधियों और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, नकली मुद्रा और मानव तस्करी से निपटने सहित विभिन्न सुरक्षा मुद्दों पर सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है।



# स्टिमक ने कल्याण चौबे पर निशाना साधा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच पद से हटाये गये इगोर स्टिमक ने कहा है कि अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे खेल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्रोएशिया के स्टिमक के अनुसार कल्याण के अध्यक्ष बनने के बाद से ही भारतीय फुटबॉल का स्तर गिर रहा है, इसलिए उनको जल्द से जल्द अपना पद छोड़ देना चाहिये। इस पूर्व कोच ने कहा कि कल्याण के कमान संभालने के बाद से ही खेल का आगे बढ़ना रुख सा गया है। इससे पहले फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में भारतीय टीम के नहीं पहुंचने के बादस्टिमक को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। स्टिमक ने कहा कि आज भारतीय फुटबॉल में जो भी समस्याएं आ रहीं हैं। वे सभी इसके प्रमुख के कारण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने कार्यकाल के दौरान झूठ और अधूरे वादों से परेशान रहे हैं। उन्होंने कहा, ''फुटबॉल दुनिया में सबसे लोकप्रिय खेल है पर भारत में ये आगे नहीं बढ़ रहा है।'' स्टिमक को मार्च 2019 में स्टीफन कांस्टेनटाइन के बाद टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। स्टिमक 1998 फीफा विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली क्रोएशिया टीम के खिलाड़ी थे। उन्हें अपने करियर में पहली बार कोच के पद से बर्खास्त किया गया है।

# घर में वर्ल्ड कप जीतने का वेस्टइंडीज का सपना टूटा, दक्षिण अफ्रीका से हारकर टूर्नामेंट से हुई बाहर

**नॉर्थ साउंड ( एजेंसी )।** दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को बारिश से प्रभावित टी20 विश्व कप के सुपर 8 मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से तीन विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में हार से सह मेजबान वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वेस्टइंडीज ने 8 विकेट पर 135 रन बनाए थे। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने जब दो विकेट पर 15 रन बनाए थे तब बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा था। खेल दोबारा शुरू होने पर दक्षिण अफ्रीका के सामने डकवर्थ लुईस प्रणाली से 17 ओवर में 123 रन बनाने का नया लक्ष्य रखा गया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.1 ओवर में सात विकेट पर 124 रन बनाकर जीत दर्ज की। उसने सुपर 8 में अपने तीनों में जीते और इस तरह से ग्रुप 2 में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस ग्रुप से इंग्लैंड चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहा। वह अन्य मेजबान अमेरिका को 10 विकेट से हराकर पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था।



# पांचवी बार ओलंपिक में खेलेंगे जोकोविच

**पेरिस ( एजेंसी )।** सर्बिया के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच आगामी पेरिस ओलंपिक में खेलते हुए नजर आयेंगे। जोकोविच के फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल से पहले घुटने की सर्जरी हुई थी, ऐसे में उनके ओलंपिक में खेलने को लेकर आशंकाएं जतायी जा रहीं थीं। वहीं अब सर्बियाई ओलंपिक समिति ने साफ कर दिया है कि जोकोविच ओलंपिक में भाग लेंगे। जोकोविच के अलावा पुरुष वर्ग के ही एक अन्य खिलाड़ी डुसान लाजोविच भी इन खेलों में भाग लेंगे। साथ ही कहा कि जोकोविच और लाजोविच ने एटीपी रैंकिंग के अनुसार सभी शर्तों को पूरा कर लिया है। जोकोविच का ये पांचवां ओलंपिक होगा। उन्होंने साल 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। टेनिस मुकाबले 27 जुलाई से शुरु होंगे। ऐसे में उनके पास फिटनेस हासिल करने का भी पर्याप्त समय है। जोकोविच ने कहा कि उनकी सर्जरी सफल रही है ऐसे में उन्हें भी उम्मीद है कि वह शीघ्र ही फिट होकर खेल में वापस कर सकेंगे। हाल के दिनों विश्व के इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी की रैंकिंग गिरी है हालांकि इससे उनके प्रदर्शन पर विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

# शतक से चूकी लेकिन भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सूपड़ा साफ किया




**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद स्मृति मंधाना की अगुवाई में शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से शिकस्त देकर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मंधाना लगातार तीसरे मैच में शतक लगाने से चूक गयी। उन्होंने 83 गेंद में 11 चौके की मदद से 90 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट पर 215 रन पर रोकने के बाद भारत ने 40.4 ओवर में चार विकेट पर 220 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पिछले दो मैचों में 117 और 136 रन की पारियां खेलने वाली मंधाना ने इस मैच में तीन शानदार साझेदारी कर टीम की जीत में योगदान दिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए शेफाली वर्मा (25) के साथ 71 गेंद में 61 जबकि दूसरे विकेट के लिए प्रिया पूनिया (28) के साथ 66 गेंद में 62 रन की साझेदारी की। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर (42) के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत ने 48 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। कप्तान लॉरा वोलवार्ट (61) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी और शानदार शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहा। वोलवार्ट ने 57 गेंद की पारी में सात चौकों लगाने के अलावा तैजमिन ब्रिट्स (38) के साथ पहले विकेट के लिए 119 गेंद में 102 रन की साझेदारी की। ब्रिट्स ने 66 गेंद की पारी में दो चौके और एक छक्का जड़ा। लक्ष्य का पीछा करते हुए मंधाना और शेफाली ने सतर्क शुरुआत की। शानदार लय में चल रही मंधाना ने छठे ओवर में नेदिन डि क्लर्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर अपने हाथ खोले।

अगले ओवर में आयोबोंगा खाका (38 रन पर एक विकेट) के खिलाफ शेफाली ने चौका जड़ा। यह जोड़ी खतरनाक हो रही थी लेकिन 12वें ओवर में तुमी सेखुकुने(43 रन पर एक विकेट) ने शेफाली को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलायी। मंधाना ने 18वें ओवर में नोनदुमिसो शेनगेस के खिलाफ चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। पूनिया ने इस गेंदबाज के खिलाफ चौका लगाने के बाद भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। वह खाका की गेंद पर आसान कैच देकर पवेलियन लौटी। पूनिया ने 40 गेंद की पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। मंधाना कुछ शानदार चौके लगाकर तेजी से लगातार तीसरे शतक की ओर बढ़ रही थी लेकिन नॉनकुलुलेको म्लाबा (55 रन पर एक विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट को फाइन लेग पर खड़ी पर खाका के हाथों में खेल गयी। हरमनप्रीत और जेमिमा रोड्रिग्स (नाबाद 19) जीत की औपचारिकता पूरी करने वाली थी तभी भारतीय कप्तान रन आउट हो गयी। रिचा घोष ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वोलवार्ट और ब्रिट्स को भारतीय गेंदबाजों के सामने कोई परेशानी नहीं हुई। पिछले मैच में नाबाद 135 रन बनाने वाली दक्षिण अफ्रीका की कप्तान ने अपनी पारी को उसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाते हुए तेजी से रन बनाये। उन्होंने ब्रिट्स के साथ जोखिम लिये बिना टीम की रन गति को पांच के आस-पास बनाये रखा। वोलवार्ट जहां तेजी से स्कोर को आगे बढ़ा रही थी तो वहीं ब्रिट्स संभल कर खेल रही थी। उन्होंने हालांकि राधा यादव के खिलाफ दक्षिण अफ्रीकी पारी का इकलौता छक्का जड़ा।

दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में रनों का सैकड़ा पार किया। अरुंधति रेड्डी (36 रन पर दो विकेट) ने अपनी गेंद पर शानदार कैच लपक कर वोलवॉर्ट की बेहतरीन पारी को खत्म किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने दबदबा बनाना शुरू कर दिया और दक्षिण अफ्रीका ने 120 रन तक चार विकेट गंवा दिया। ब्रिट्स गफलत का शिकार होकर रन आउट हुई तो वहीं अरुंधति ने अपनी गेंद पर एक और बेहतरीन कैच पकड़कर एनेके बॉश (पांच) को पवेलियन की राह दिखायी। मारिजेन कैप (सात) श्रेयंका पाटिल (35 रन पर एक विकेट) की गेंद पर उन्हीं को आसान कैच दे बैठी जिससे भारतीय टीम ने आठ ओवर के अंदर चौथी सफलता हासिल कर दक्षिण अफ्रीका को बैकफुट पर धकेल दिया। अनुभवी सुने लुस (13) पारी को संवारने की कोशिश कर रही थी लेकिन पूजा वस्त्राकर (54 रन पर एक विकेट) की गेंद ने कम उछाल ली और विकेटों से टकरा गयी। नोनदुमिसो शेनगेस (16) और नेदिन डि क्लर्क (26 की 31 रन की साझेदारी को दीप्ति ने रन आउट कर तोड़ा। उन्होंने इसके बाद लगातार गेंदों पर क्लर्क और नॉनकुलुलेको म्लाबा (शून्य) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। मेइके डि रिडर की 31 गेंद में 26 रन की नाबाद पारी ने टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।

# रोनाल्डो के साथ 'सेल्फी' लेने की घटना के बाद यूएफा यूरो मुकाबलों में सुरक्षा बढ़ायेगा



**फ्रैंकफर्ट ( एजेंसी )।** यूरोपीय चैम्पियनशिप में खेल प्रेमियों को खिलाड़ियों तक पहुंचने से रोकने के लिए मैदान के बाहर किनारे पर सुरक्षा बढ़ायी जायेगी क्योंकि कम से कम छह प्रशंसकों ने स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की थी। यूएफा (यूरोपीय फुटबॉल संघों के संघ) ने रविवार को कहा कि जर्मनी के 10 स्टेडियमों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे, हालांकि इस योजना के संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गयी। यूएफा ने कहा, ''पिच पर किसी भी तरह घुसने की कोशिश करना स्टेडियम के नियमों का उल्लंघन होगा जिसके कारण उसे स्टेडियम से बाहर कर दिया जायेगा, टूर्नामेंट के सभी मैचों से प्रतिबंधित कर दिया जायेगा और मैदान में घुसने के लिए आपराधिक शिकायत दर्ज की जायेगी। '' पुर्तगाल की तुर्की पर मिली 3-0 की जीत के दौरान शनिवार को चार प्रशंसक सेल्फी लेने के लिए रोनाल्डो का पीछा करते हुए मैदान पर आ गये थे। मैच खत्म होने के बाद और भी खेल प्रेमियों ने सेल्फी लेने की कोशिश की। हालांकि वे सिर्फ सेल्फी लेना चाहते थे लेकिन टूर्नामेंट सुरक्षा योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को किसी भी नुकसान से बचाना भी शामिल है।

# आलोचकों को कानूनी कार्रवाई कर सबक सिखाएंगे बाबर आजम

**लाहौर ( एजेंसी )।** टी20 विश्वकप में टीम पाकिस्तान टीम के खराब प्रदर्शन के बाद से ही टीम के कप्तान बाबार आजम निशाने पर हैं। विश्वकप से टीम के बाहर होने के बाद दिग्गज खिलाड़ियों सहित प्रशंसकों ने भी आजम की काफी आलोचना की थी। यहां तक की उनपर एक पत्रकार ने वीडियों जारी कर फिक्सिंग के भी आरोप लगाये थे। इससे नाराज बाबर अब इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर बेवजह आरोप लगाने वालों को सबक सिखाना चाहते हैं। बाबर उन यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहे हैं, जिन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान उन पर खराब व्यवहार का आरोप लगाया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी कानूनी कार्रवाई के लिए सबूत एकत्र कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व कप के दौरान बाबर को बदनाम करने के उद्देश्य से एक समन्वित सोशल मीडिया अभियान शुरू किया गया था।

पीसीबी का कानूनी विभाग अब कई यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों द्वारा दिए गए अपमानजनक बयानों को लेकर उनपर शिकंजा कसने का प्रयास कर रहा है। गौरतल है कि पूर्व क्रिकेटर अहमद शहजाद सहित कई अन्य ने आजम की कप्तानी पर सवाल उठाए थे। वहीं पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा था कि बाबर टीम में माहौल खराब कर रहे हैं। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं, जो उनसे खुश नहीं हैं जबकि वसीम अकरम ने कहा था कि मुझे टीम के इस खराब प्रदर्शन पर शर्म आती है।

# पहलवान बजरंग पूनिया फिर हुए सस्पेंड



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी (नाडा) ने रविवार को बजरंग पूनिया को दूसरी बार निलंबित कर दिया। इससे तीन सप्ताह पहले एडीडीपी ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द किया था कि नाडा ने पहलवान को आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी नहीं किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया को निलंबित कर दिया था चूंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिये मूत्र के नमूने नहीं दिये थे। खेल की विश्व नियामक ईकाई यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी उन्हें निलंबित किया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील दायर की थी और नाडा के डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल (एडीडीपी) ने नाडा के आरोपों के संदर्भ में नोटिस जारी करने तक इसे रद्द कर दिया था। नाडा ने रविवार को पूनिया को नोटिस जारी किया। नाडा ने पूनिया को भेजे नोटिस में कहा ,'' यह आपके लिये औपचारिक नोटिस है कि आपको राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक नियमों की धारा 2 . 3 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है और अब आप अस्थायी रूप से निलंबित हैं।'' पूनिया को आरोप स्वीकार करने या सुनवाई का अनुरोध करने के लिये 11 जुलाई तक का समय दिया गया है।

पूनिया का कहना है कि उन्होंने कभी भी नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन वह अपनी ईमेल पर नाडा का जवाब चाहते हैं जिसमें उन्होंने यह जानने की मांग की थी कि उन्हें दिसंबर 2023 में नमूना लेने के लिए 'एक्सपायर्ड' किट क्यों भेजी गयी थीं। बजरंग के वकील विधुष्पत सिंघानिया ने 'पीटीआई' को बताया कि वे निलंबन को चुनौती देंगे। सिंघानिया ने कहा, ''हां, हमें जवाब दाखिल करना होगा।

## उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप में पनामा पर 3-1 की जीत से अपना अभियान शुरू किया

**मियामी गार्डन्स ( एजेंसी )।** उरुग्वे ने कोपा अमेरिका कप फुटबॉल का खिताब रिकॉर्ड 16वीं बार जीतने के लक्ष्य के साथ अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप सी में पनामा पर 3-1 की जीत के साथ की।

उरुग्वे की टीम इस मैच में देश के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले दिग्गज लुइस सुआरेज के बिना मैदान में उतरी थी। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 16वें मिनट में उरुग्वे का खाता खोला जबकि डार्विन नुनेज (85वें मिनट) और मैटियास विना (90+1 मिनट) ने आखिरी पलों में छह मिनट के अंदर दो गोल टीम की जीत को पक्का कर दिया।

इस पूरे मैच में उरुग्वे का दबदबा रहे जो 20 बार पनामा की रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा। इसमें से उसके सात प्रयास निशाने पर रहे और तीन गोल में बदले। पनामा के लिए अमीर मुरिलो ने स्टॉपेज समय (90+4 मिनट) ने गोल कर हार के अंतर को कम किया। ग्रुप सी के एक अन्य मैच में अमेरिका ने बोलीविया को 2-0 से हराया। उरुग्वे अब गुरुवार को न्यूजर्सी में बोलीविया का सामना करेगा जबकि इसी दिन अमेरिका के सामने पनामा की चुनौती होगी।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबले में बारिश का रहेगा खलल!



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सोमवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सेंट लूसिया के डैरेन सैमी स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 का मुकाबला खेला जाएगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया जीत की पटरी पर लौटने का प्रयास करेगी जबकि भारत अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगी।

बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ हार झेलनी पड़ी, जिसके बाद उसकी सेमीफाइनल की राह कठिन हो गई है। भारतीय टीम फिलहाल ग्रुप-1 की अंक तालिका में टॉप पर है। उन्हें सुपर-8 के अपने दोनों मैचों में जीत मिली है। मौजूदा टूर्नामेंट में दोनों टीमें पहली बार आमने-सामने होंगी। ऐसे में भारत अपना दबदबा बरकरार रखना चाहेगा। डैरन सैमी राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मुकाबले पर बारिश का संकट मंडरा रहा है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अब तक भारत और दक्षिण अफ्रीका ही दो अजेय टीमें हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 31 टी20 मैचों में से 19 जीते हैं। अब दोनों टीमें सोमवार को एकदूसरे से टकराएंगी। ये मुकाबला सेंट लूसिया में स्थानीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे शुरू होगा। हालांकि, भारतीय समयानुसार ये मैच रात 8 बजे से शुरू होगा। इस मैच पर काले बादल मंडरा रहे हैं। भारत के सभी मैच अब तक सुबह के ही रहे हैं। मौसम रिपोर्ट् के अनुसार, सुबह के समय बारिश की संभावना 55 प्रतिशत है और तापमान 32 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इस बात की पूरी संभावना है कि बारिश खेल बिगाड़ सकती है। फिलहाल, बारिश की वजह से अगर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेल रद्द होता है तो दोनों टीमों के खाते में 1-1 अंक जुड़ जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल ग्रुप-1 में चार अंकों के साथ टॉप पर है। उनके पांच अंक हो जाएंगे और वह सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लेगी।

# सीएम हेल्पलाईन : अगले हफ्ते नहीं आया सुधार तो कटेगी वेतन

## नॉट-अटेंड शिकायतों पर अधिकारियों को नोटिस

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि जिले में 15 हजार 879 शिकायतें लंबित हैं। विभागीय अधिकारी द्वारा गंभीरता नहीं बरतने से शिकायतों की संख्या कम नहीं हो रही है। पिछले सप्ताहों से निर्देशो के बाद भी सुधार परिलक्षित नहीं हो रहा है। कलेक्टर ने अधिक शिकायत लंबित वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कहा है कि अगले सप्ताह की टीएल तक सुधार नहीं आने पर संबंधित अधिकारियों की दो-दो दिवस की वेतन काट दी जायेगी। सीएम हेल्पलाईन की नॉट अटेंड शिकायतों और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के समय बाह्य प्रकरणों में भी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को 250-250 रुपये प्रति शिकायत के मान से जुर्माने की नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम नीरज खरे, आरएन खरे, जीतेंद्र वर्मा, सुधीर बेक, राहुल सिलाढ़िया, डिप्टी कलेक्टर गोविंद सोनी, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि मैहर जिला अलग होने के बाद भी 15879 शिकायतें लंबित रहना चिंताजनक है। उन्होने कहा कि राजस्व अधिकारियों के कोर्ट में चल रहे प्रकरणों से संबंधित कोई सीएम हेल्पलाईन फोर्स क्लोज नहीं की जायेगी। राजस्व अधिकारी का दायित्व है कि अपने कोर्ट के प्रकरण का निराकरण कर समय-सीमा में सीएम हेल्पलाईन की शिकायत का निराकरण करें। सिविल कोर्ट, हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों के संबंध में निराकरण लंबित या क्लोज रखा जा सकता है। कुल शिकायतों में 3272 शिकायतें राजस्व विभाग की लंबित होने पर कलेक्टर ने एसडीएमवार समीक्षा की। रामपुर बघेलान और मझगवां में सबसे ज्यादा शिकायतों के लंबित पाये जाने पर कलेक्टर ने एसडीएम रामपुर बघेलान और मझगवां तथा उनके तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। अगले हफ्ते सुधार नहीं पाये जाने पर दो-दो दिवस की वेतन भी काटने की चेतावनी दी।

जनपद पंचायतवार सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में सीईओ सोहावल, मझगवां और रामपुर बघेलान, नगरीय निकायों की समीक्षा में सीएमओ नागौद और चित्रकूट को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विद्युत वितरण कंपनी की इस हफ्ते बढ़ी 360 शिकायतों पर कलेक्टर ने कहा कि बरसात के शुरु होते ही बिजली आपूर्ति की शिकायतें बढ़ी हैं और विभाग के प्रति नकारात्मकता भी। विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का त्वरित निराकरण करायें। विभाग की 1769 कुल शिकायतें लंबित पाई गई हैं।

इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास की 963 और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की 1290 शिकायतें लंबित पाई गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों से कलेक्टर ने कहा कि बरसात के प्रारंभ होने पर जल स्त्रोतों, हैंडपंपों की जल शुद्धता की ध्यान रखें, ताकि दूषित जल से बीमारियां नहीं फैलें। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले में स्थापित कुल 16045 हैंडपंपों में 15125 चालू है। कुल 187 नलजल योजना में 159 चालू हैं। जल जीवन मिशन के तहत 220 योजनाओं में 159 चालू हैं। जल जीवन मिशन के तहत 220 योजनाओं में से 160 पूर्ण कर ली गई हैं तथा 117 ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की गई है।

सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा में कलेक्टर ने निराकरण की धीमी प्रगति पर जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, सिविल सर्जन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महाप्रबंधक सहकारी बैंक, जिला पंजीयक सहकारिता, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला बाल विकास, सहायक श्रम आयुक्त, जिला संयोजक आदिम जाति को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। समय-बाह्य प्रकरणों की समीक्षा में संबंधित अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाईन में नॉट अटेंड शिकायतें मिलने पर तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया, जनपद सीईओ प्रभा तेकाम, जेई केके त्रिपाठी, प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, सज्जन सिंह, चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डाइट प्राचार्य को 250-250 रुपये जुर्माने के मान से नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

## नाबालिग की मौत का मामला

# निलंबित एएसआई पर केस, प्रताड़ना के आरोप लगे, ट्रेन से कट कर दे दी थी जान





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना में पिछले दिनों एक नाबालिग लड़के की ट्रेन से कटकर हुई मौत के मामले में निलंबित एएसआई के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एएसआई पर मृतक को प्रताड़ित करने के आरोप लगे थे, जिसके बाद सतना एसपी ने एएसआई को निलंबित कर दिया था।

**ये है पूरा मामला:** जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली के अपनी नानी नानी मनगिरिया प्रजापति के साथ रहकर मिट्टी के घड़े बेचने वाला पुष्पेंद्र प्रजापति (17) के मौत के मामले में जीआरपी ने सिटी कोतवाली के एएसआई मुकेश सुमन के खिलाफआईपीसी की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतक की नानी ने एएसआई मुकेश सुमन पर नाती को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मृतक की नानी ने सीएसपी महेंद्र सिंह को बताया था कि मोबाइल चोरी के मामले में पुष्पेंद्र प्रजापति ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसे बंद कराने के लिए एएसआई दबाव बना रहा था।

एएसआई ने मृतक को एक दिन अपनी बाइक से शराब लेने भेजा था, जहां से लौटते वक्त वह फिसल कर गिर गया था, जिससे एएसआई की बाइक टूट गई थी। इस बात पर भी एएसआई मुकेश सुमन ने पुष्पेंद्र के साथ मारपीट की थी। इस स्थिति के कारण मृतक पुष्पेंद्र बेहद परेशान और डरा हुआ रहता था।

बीते 16 जून को वह रात के अचानक उठ कर कहीं चला गया था। अगले दिन 17 जून की सुबह उसका शव रामना टोला स्थित गुरुद्वारे के पीछे रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला था। इस घटना की जांच कटनी की जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने कर रही थीं। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर जीआरपी ने एएसआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**एसपी ने किया था निलंबित:** पुष्पेंद्र प्रजापति की मौत के मामले में प्रताड़ना के आरोप लगने पर सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने सीएसपी को जानकारी लेने के निर्देश दिए थे। परिजनों से बात के बाद सीएसपी की तरफसे दी गई जानकारी के आधार पर एसपी ने एएसआई मुकेश सुमन को निलंबित कर दिया था।

**विधायक ने दिया था धरना:** मृतक गलबल का रहने वाला था। लिहाजा शव लेकर लोग पीएम के बाद जैतवारा पहुंच गए। जैतवारा में नाराज लोगों ने शव रख कर प्रदर्शन शुरू कर दिया था। चित्रकूट से भाजपा के विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार भी प्रदर्शन में शामिल हुए थे और धरने पर बैठ गए थे। विधायक 50 लाख रुपए के मुआवजे और एएसआई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे थे।

# मां शारदा मंदिर परिसर का कलेक्टर मैहर ने किया निरीक्षण



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार को मां शारदा मंदिर परिसर का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कलेक्टर बाटड ने निरीक्षण के दौरान आवागमन के मार्ग पर अव्यवस्थित रुप से खड़े वाहनों और रिक्शा को निर्धारित स्थलों पर ही खड़ा करने के लिये निर्देशित किया। कलेक्टर श्रीमती बाटड ने परिसर की अव्यवस्थाओं और सुविधाओं के संचालन में अधिकारियों-कर्मचारियों की सुस्त कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर की। उन्होने मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों की सुविधाओं, साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर बाटड ने दो दिवस के भीतर परिसर अंतर्गत खुली हुई नालियों को ढकने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार जितेंद्र पटेल, सीएमओ लालजी ताम्रकार उपस्थित रहे।

कलेक्टर बाटड ने मां शारदा मंदिर परिसर के निरीक्षण उपरांत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मंदिर प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने जीर्णोद्धार के कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने के लिये निर्देशित किया। उन्होने एनजीओ के सहयोग से परिसर की साफ-सफाई एवं वृक्षों की परिधि में चबूतरे बनाने के निर्देश भी दिये।

# कलेक्टर मैहर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, प्रकरणों की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में मैहर, अमरपाटन, रामनगर के राजस्व वसूली के प्रकरण, नामांकन, सीमांकन, बंटवारा, भू-अर्जन, पीएम किसान एवं सीएम किसान प्रगति, ईकेवाईसी, सीएम हेल्पलाइन, अर्जित भूमियों का खसरों में इन्द्राज, खसरा सुधार के प्रकरण एवं उनका निराकरण, विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन एवं स्वामित्व अभियान, नक्शा सुधार, न्यायालयीन आदेशों के आधार पर रिकार्ड का संशोधन, आवासीय भू-अधिकार योजना, विधानसभा प्रश्न, लीज भूमि नवीनीकरण, धारणाधिकार, प्राकृतिक आपदा विभिन्न मदों की प्रकरणवार समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह, एसडीएम अमरपाटन आरती यादव, एसडीएम रामनगर डॉ आरती सिंह, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, रामदेव साकेत, सुनील द्विवेदी उपस्थित रहे।

कलेक्टर बाटड ने माननीय उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरण एवं अवमानना प्रकरण, प्रकरणों का वरिष्ठ न्यायालयों कमिश्नर/कलेक्टर के अपीलाधीन प्रकरणों के प्रेषण की समीक्षा करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय में मैहर जिले का एक प्रकरण विचाराधीन है। ऐसे ही अमरपाटन के 72 मामलों में 24, रामनगर तहसील के 48 मामलों में 26 मामले विचाराधीन हैं। विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिये प्रयास करें। कलेक्टर ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नक्शा और ईकेवाईसी के मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी मामलों में निराकरण का प्रतिशत बहुत कम है। मामलों की संख्या काफी ज्यादा है। सभी अधिकारी दुगनी रफ्तार से कार्य करते हुए मामलों का निराकरण करते हुए 50 प्रतिशत का आंकडे को पार करना होगा। इसी प्रकार सीएम किसान और पीएम किसान निधि के हितग्राहियों का 7 दिनों के अंदर वेरीफिकेशन की प्रक्रिया को पूर्ण कर पुरानी शिकायतो को खत्म करें, ताकि हितग्राहियों को पहली किस्त का फायदा मिल सके। प्राकृतिक आपदा के लिए पोर्टल पर प्रतिदिन का विवरण दूसरे दिन प्रातः 8 बजे से पहले भरने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन लाइन में मैहर 590, अमरपाटन 427 और रामनगर 198 शिकायते लंबित है। कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

# चाकू मार कर युवक की हत्या

## रीवा रोड पर अज्ञात हमलावरों ने किया था हमला, इलाज के दौरान मौत



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना शहर में रीवा रोड पर सरेआम चाकू मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। घायल युवक ने इलाज के दौरान रीवा में दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, सतना की मंदाकिनी विहार कॉलोनी में रहने वाले आशुतोष पयासी (24) पिता कृष्णकुमार पयासी की चाकू मार कर हत्या कर दी गई। मृतक अभी पढ़ाई कर रहा था, पिता अधिवक्ता हैं। रविवार रात सतना शहर की रीवा रोड पर स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास अज्ञात लोगों ने आशुतोष पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। उसे गंभीर हालत में सतना जिला अस्पताल ले जाया गया था। उसकी स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रीवा रेफर कर दिया था। सोमवार को इलाज के दौरान उसने रीवा में दम तोड़ दिया।

बताया जाता है कि मृतक आशुतोष पयासी अपने दोस्त साहिल वर्मा के साथ बैंक के पास गोलगप्पे खाने गया था। उसके बाद वे बैंक के पास ही एक चाय की दुकान के पास रुके तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उसे एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर सीएसपी महेंद्र सिंह भी अस्पताल पहुंचे। उस वक्त आशुतोष की सांसें चल रही थीं लिहाजा उन्होंने उससे घटना की जानकारी ली। पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों के बारे में पता लगा रही है।

# सोहावल मोड़ से हटायें अवैध बालू मंडी के ट्रक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना-नागौद सड़क पेप्टेक सिटी के सामने सोहावल मोड़ पर रेत से भरे ट्रकों के जमाव और अवैध रुप से बालू मंडी संचालित कर आवागमन अवरुद्ध होने की स्थिति को कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रघुराजनगर, डीएसपी ट्रैफिक, आरटीओ के संयुक्त दस्ते द्वारा सोहावल मोड़ की अवैध बालू मंडी समाप्त करने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के बाद भी मैहर रिंग रोड बायपास और सोहावल तिराहे पर बालू से भरे ट्रकों के जमाव से आवागमन अवरुद्ध होने की शिकायतों के मद्देनजर कलेक्टर ने जिला खनि अधिकारी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होने कहा कि बालू से भरे ट्रक टीपी में दर्शित स्थान पर अनलोड होकर रेत का भंडारण करें। चौराहे और सड़क किनारे ट्रकों के खड़े रहने से दुर्घटना की संभावना हमेशा बनी रहती है। आवागमन भी अवरुद्ध होता है। उन्होने खनिज अधिकारी से कहा कि सड़कों के किनारे बालू से भरे ट्रको की पार्किंग पर कड़ी कार्यवाही करें। सोहावल मोड़ में बालू से भरे ट्रक खड़े पाये जाने पर खनिज निरीक्षक पर जिम्मेदारी निर्धारित कर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने दृश्यता में बाधक बन रही गुमटी की अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिये हैं।

# 4 जुलाई तक अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराना होगा निर्वाचन व्यय

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के अनुसार चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के उपरांत 30 दिवस के अंदर निर्वाचन व्यय लेखा के बिल, व्हाउचर की मूल प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय का उपलब्ध करानी होगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय क्षेत्र क्रमांक 9 सतना से चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को 4 जुलाई को शाम 5 बजे तक व्यय लेखा की मूल प्रति, जारी समस्त अनुमतियां, शपथ पत्र, अपडेटेड बैंक पासबुक, स्टेटमेंट की फोटोकॉपी की हस्ताक्षरित प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय सतना को उपलब्ध कराने के लिये कहा है। इस संबंध में अंतिम तारीख के पहले 27 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अभ्यर्थियों, उनके लेखा अभिकर्ताओं एवं व्यय लेखा प्राप्त करने में संलग्न कार्मिकों की प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई है। इसी प्रकार 30 जून को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लेखा समाधान की बैठक आयोजित की गई है।

# कट्टा लहराते वीडियो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

## लोगों को डरा-धमका कर दहशत फैला रहा था



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** हाथ मे कट्टा लेकर लहराते हुए वीडियो बनाना और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड करना एक युवक को महंगा पड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिस वक्त उसे पकड़ा गया वह कट्टा लेकर लोगों को डरा ही रहा था।

जानकारी के मुताबिक, कोठी थाना पुलिस ने दहशतगर्दी के आरोप में ग्राम कटवरिया निवासी सत्तू उर्फ सत्यप्रकाश चौधरी (19) पिता अशोक चौधरी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 315 बोर का एक लोडेड कट्टा - कारतूस जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी कोठी रूपेंद्र राजपूत ने बताया कि एक वीडियो सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम पर वायरल हुआ था। जिसमें एक युवक हाथ मे देशी कट्टा लेकर उसे लहराता नजर आया था। इस वीडियो पर जब संज्ञान लेकर पता लगाया गया तो उसमें नजर आने वाला युवक सत्यप्रकाश उर्फ सत्तू बताया गया।

उसकी तलाश की जा रही थी कि इसी बीच खबर मिली कि आरोपी अपने गांव कठवरिया में घूम रहा है और कट्टा दिखा कर सड़क पर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका कर दहशत फैला रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची तो आरोपी ने भागने की कोशिश की। लेकिन, उसे खदेड़ कर-घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से कट्टा-कारतूस जब्त किया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोठी सब इंस्पेक्टर रूपेंद्र राजपूत, एएसआई अश्वनीधर द्विवेदी, प्रधान आरक्षक प्रमोद तिवारी, अवधेश पयासी, आरक्षक पंकज कुशवाहा, राजपाल बागरी, रामनरेश बैगा एवं राजमणि साहू शामिल रहे।

# बाल श्रम उन्मूलन की कार्यवाही करें, बच्चों का दाखिला स्कूल में करायें

## बाल श्रम निशेध अधिनियम की डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** बाल एवं श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 संशोधित 2016 के अंतर्गत कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने सतना शहर के चौराहों एवं धार्मिक स्थलों के आसपास भिक्षावृत्ति में संलग्न स्ट्रीट चिल्ड्रन को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने विभागों के संयुक्त प्रयास से स्कूल में दाखिला कराने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर जिला टास्क फोर्स सदस्य सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, एडिशनल एसपी शिवेश सिंह, प्रभारी सहायक श्रम आयुक्त हेमंत डेनियल, संचालक डॉ प्रमोद शर्मा, प्राचार्य आईटीआई बीडी तिवारी, एलडीएम गौतम शर्मा, अशासकीय सदस्य अमित सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर वर्मा ने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम के तहत भिक्षा एवं बाल श्रम में संलग्न बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें स्कूल चले हम अभियान के तहत स्कूलों में दाखिला करायें। अभिभावकों को समझाएं और प्रोत्साहन दें कि वह अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। बच्चों से बाल श्रम कराना या भिक्षावृत्ति अपराध है। नियोजनों में 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों का नियोजन प्रतिबंधित है। नियमों का उल्लंघन करने पर नियोजक के विरुद्ध पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। इसमें 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास और 2000 से 5000 रुपये तक जुर्माने की कार्यवाही होगी।

कलेक्टर ने कहा कि सिविल लाइन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और प्रमुख धार्मिक स्थलों के पास अक्सर बच्चे भिक्षावृत्ति में संलग्न दिखते हैं। बच्चों का भविष्य बर्बाद नहीं होना चाहिए। महिला बाल विकास, स्कूल शिक्षा, पुलिस, श्रम एवं एनजीओ का सहयोग लेकर उनके परिवार जनों को प्रोत्साहित करें कि वह अपने बच्चों को स्कूल भेजें। उन्होंने श्रम विभाग के अधिकारियों से कहा कि तीन दिनों में संपूर्ण कार्यवाही कर सुनिश्चित करें कि सिविल लाइन चौक एवं धार्मिक स्थलों के पास कोई भी स्ट्रीट चिल्ड्रन भिक्षावृत्ति करता नहीं दिखे। जिला स्तरीय टास्क फोर्स में सम्मिलित सदस्यों के कर्तव्यों एवं नियमित कार्य करने हेतु तैयार कार्य योजना पर भी चर्चा की गई।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।